{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
गुरुवार 16 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण 14 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 201
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

सेंसेक्स - 78,111.24
निफ्टी - 24,231.30
सोना - 1,55,350
चांदी - 2,70,000
डॉलर - 93.27

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के सरिता विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और उन्हें दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में कोई घायल नहीं हुआ है। आरोपियों के पास से दो देसी पिस्टल और एक 12 बोर की बंदूक बरामद की गई है, जिनसे तीन राउंड फायर किए गए थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। यह जांच की जा रही है कि वे दिल्ली में कब से रह रहे थे और क्या उनका किसी आपराधिक गिरोह से संबंध है।

### भारत में दो क्वांटम कंप्यूटर की शुरुआत

अमरावती। देश में क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए दो क्वांटम कंप्यूटर की शुरुआत की गई है। इन अत्याधुनिक कंप्यूटरों का उद्देश्य जटिल वैज्ञानिक और औद्योगिक समस्याओं का तेज़ समाधान निकालना है। विशेषज्ञों के अनुसार, क्वांटम कंप्यूटर पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में कई गुना अधिक गति और क्षमता से गणनाएं कर सकते हैं।

परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रारंभिक चरण में इन प्रणालियों का परीक्षण और शोध कार्यों में उपयोग किया जाएगा। यदि यह पहल सफल रहती है तो अगले दो वर्षों में देशभर में 100 क्वांटम कंप्यूटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे रक्षा, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और दवा अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है।

### सीबीएसई कक्षा 10 का रिजल्ट जारी, डिजिलॉकर और वेबसाइट पर उपलब्ध

नई दिल्ली। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। लंबे इंतजार के बाद अब छात्र अपना परिणाम ऑनलाइन माध्यमों के जरिए आसानी से देख सकते हैं। रिजल्ट डिजिलॉकर, मोबाइल ऐप और सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट इन और रिजल्ट डॉट सीबीएसई डॉट निक डॉट इन पर भी छात्र अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। इस वर्ष कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 के बीच आयोजित की गई थीं, जिनमें लगभग 25 लाख छात्र शामिल हुए थे।

सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में पास होने के लिए छात्रों को प्रत्येक विषय में और कुल मिलाकर कम से कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

## कुछ ना कहना




### संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से, विपक्ष ने बैठक कर बनाई रणनीति, खड़गे बोले

# महिला आरक्षण का समर्थन लेकिन परिसीमन का विपक्ष करेगा विरोध

नई दिल्ली। संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र गुरूवार से शुरू हो रहा है, जो 18 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र का मुख्य एजेंडा महिला आरक्षण बिल से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को पेश करना और उसे पारित कराना है। महिला आरक्षण विधेयक और उससे जुड़े संशोधनों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राजधानी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर विपक्ष की अहम बैठक हुई। इसमें करीब 20 दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद विपक्ष ने एकजुट रुख दिखाते हुए सरकार के तरीके पर गंभीर आपत्तियां जताईं। मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा कि हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए; इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है। इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग के बाद बात कही। मीटिंग खड़गे के घर पर हुई, जिसमें राहुल गांधी और टीएमसी, आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद गुट) और आप नेता भी शामिल हुए। खड़गे ने कहा कि हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है ताकि विपक्ष को दबाया जा सके। इसलिए हमने परिसीमन बिल के विरोध का निर्णय लिया है। संसद के विशेष सत्र में तीन बिल लाने वाली है। इनमें संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 शामिल हैं। सरकार का प्रस्ताव लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना है। इनमें करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। गौरतलब है कि अभी तक सीटों का आधार 1971 की जनगणना थी, जो 2026 तक के लिए मान्य थी। अब सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का रही है।



### इतनी हड़बड़ाहट क्यों...?

विपक्ष का कहना है कि सरकार महिला आरक्षण बिल को लेकर इतनी हड़बड़ाहट में क्यों है। उनका कहना है कि महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया जाए। इसे मौजूदा लोकसभा की 543 सीटों के आधार पर 2029 के चुनाव से ही लागू किया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण का पूरी तरह से समर्थन करती है। संसद ने 2023 में इस बिल को सर्वसम्मति से पास किया था, और अब यह हमारे संविधान का हिस्सा बन चुका है। सरकार अब जो प्रस्ताव ला रही है, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। यह संशोधन, परिसीमन और चुनावी क्षेत्रों के मनमाने फेरबदल के जरिए सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश है। 2023 में पारित विधेयक को उसकी मूल भावना के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि सरकार जो संसोधन बिल ला रही है उससे उत्तर भारत में सीटों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होगी, लेकिन दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए, सीटों में कमी आएगी, क्योंकि उन्होंने भारत सरकार के जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को वैज्ञानिक तरीके से लागू किया है। यह अलोकतांत्रिक है। हम उस संविधान संशोधन बिल का विरोध करते हैं, जिसके जरिए परिसीमन किया जाएगा।

### यह परिसीमन बहुत खतरनाक है- जयराम रमेश

जयराम रमेश ने कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावी प्रचार चल रहा है। इसी बीच वे ये तीन बिल ले आए हैं। यहां वे एक संविधान संशोधन बिल लाए हैं, जो महिलाओं के लिए आरक्षण और परिसीमन को आपस में जोड़ता है। यह परिसीमन बहुत खतरनाक है। केंद्रीय गृह मंत्री और कई अन्य मंत्रियों ने कहा है कि लोकसभा में संसदीय सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ाई जाएगी, और सभी राज्यों में सीटें आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएंगी। लेकिन, लाए जा रहे इस बिल में इसका कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बिल के आधार पर, कई राज्यों की सीटों का अनुपात कम हो जाएगा। जिस तरह से परिसीमन आयोग ने जम्मू-कश्मीर और असम में काम किया है, उससे यह साफ हो गया है कि यह आयोग बहुमत हासिल करने के लिए भाजपा के हाथों का एक औजार मात्र है। सभी विपक्षी दल चाहते हैं कि महिलाओं के लिए आरक्षण 543 संसदीय सीटों के आधार पर ही किया जाए। हम परिसीमन से जुड़े प्रावधानों के खिलाफ हैं।

## एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा-2026 का परिणाम घोषित

### 10वीं में पन्ना की प्रतिभा सोलंकी ने किया टॉप, स्ट्रीम टॉपर सूची जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन का कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। एमपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम बुधवार को सीएम आवास पर जारी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए परीक्षा परिणामों की घोषणा की। रिजल्ट जारी होने के साथ ही अब स्टूडेंट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं-12वीं के परिणाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए घोषित किया। इस रिजल्ट को छात्र ऑनलाइन देख सकते हैं। रिजल्ट देखने के लिए छात्रों को अपना रोल नंबर और जरूरी लॉगिन डिटेल्स दर्ज करनी होंगी, जिसके बाद वे अपनी मार्कशीट डाउनलोड कर पाएंगे। एम बोर्ड के नियमों के मुताबिक छात्रों के लिए हर विषय में कम से कम 33फीसदी अंक लाना जरूरी है। अगर कोई छात्र इस मिनिमम मार्क्स को हासिल नहीं कर पाता है, तो उसे फेल माना जाएगा। हालांकि, जो छात्र पास नहीं हो पाए हैं, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। बोर्ड ने उनके लिए 'सेकंड चांस एग्जाम' की सुविधा दी है। कक्षा 10वीं के सप्लीमेंट्री एग्जाम 7 मई से 19 मई 2026 तक होंगे। कक्षा 12वीं की परीक्षा 7 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही शिफ्ट में होंगी।

**एमपी बोर्ड कक्षा 12वीं के स्ट्रीम वाइज टॉपर की सूची**

| रैंक नाम | मार्क्स |
|---|---|
| **आर्ट्स स्ट्रीम टॉपर लिस्ट** | |
| रैंक 1 श्रुति तोमर | 489/500 |
| रैंक 1 आकाश अहिरवार | 489/500 |
| रैंक 2 मुस्कान रावत | 488/500 |
| रैंक 2 आदित्य चतुर्वेदी | 488/500 |
| रैंक 3 दीप्ति रावत | 487/500 |
| **कॉमर्स स्ट्रीम टॉपर लिस्ट** | |
| रैंक 1 चांदनी विश्वकर्मा | 494/500 |
| रैंक 1 खुशी राय | 494/500 |
| रैंक 2 मनु शुक्ला | 489/500 |
| रैंक 2 आर्ची माहेश्वरी | 489/500 |
| रैंक 2 खुशबू पाटीदार | 489/500 |
| रैंक 3 श्रुति गर्ग | 488/500 |
| रैंक 3 छवि अग्रवाल | 488/500 |
| रैंक 3 सानिया गुप्ता | 488/500 |
| रैंक 3 सृष्टि सिलावट | 488/500 |
| रैंक 3 रोशनी पटेल | 488/500 |
| रैंक 3 दीपाली सोनी | 488/500 |
| **साइंस स्ट्रीम टॉपर लिस्ट** | |
| रैंक 1 श्लोक प्रजापति | 493/500 |
| रैंक 2 गौरी शर्मा | 491/500 |
| रैंक 2 डॉली पुरवार | 491/500 |
| रैंक 2 अर्जुन गुर्जर | 491/500 |
| रैंक 3 कान्हा शर्मा | 490/500 |
| रैंक 3 मनेंद्र केवट | 490/500 |

## आप के सांसद अशोक मित्तल के घर ईडी का छापा, राघव चड्ढा की जगह बने थे उपनेता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद और मशहूर शिक्षाविद् अशोक मित्तल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। प्रवर्तन निदेशालय की



टीमों ने मित्तल के पंजाब और हरियाणा स्थित करीब 8 से 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई जालंधर स्थित उनके आवास, गुरुग्राम और उनके बेटे से जुड़े ठिकानों पर चल रही है। छापेमारी के दौरान अशोक मित्तल अपने जालंधर स्थित घर पर ही मौजूद थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फंड से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं और गड़बड़ियों को लेकर की जा रही है। ईडी की टीमें दस्तावेजों और वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड की गहनता से जांच कर रही हैं। इसके साथ ही डिजिटल सबूत जुटाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि फंड फ्लो के वास्तविक स्रोतों और संभावित हेरफेर का पता लगाया जा सके। हालांकि, इस मामले में जांच एजेंसी ने अभी तक कोई आधिकारिक विस्तृत बयान जारी नहीं किया है। अशोक मित्तल को हाल ही में आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में राघव चड्ढा की जगह डिप्टी लीडर नियुक्त किया था। इस नियुक्ति के तुरंत बाद हुई इस कार्रवाई को राजनीतिक हलकों में काफी अहम माना जा रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस रेड पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे भाजपा की राजनीतिक साजिश करार देते हुए कहा कि यह आगामी चुनाव की तैयारियों का हिस्सा है। उन्होंने शायराना अंदाज में लिखा, हम वो पत्ते नहीं जो शाख से टूट कर गिर जाएंगे, आँधियों को कह दो अपनी औकात में रहें।

### पीएम मोदी ने टीम सम्राट को दी बधाई...

## नई टीम के नेतृत्व में बिहार नई ऊंचाई छूएगा

नई दिल्ली। बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव के रूप में 'सम्राट युग' की शुरुआत हो चुकी है। सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर राज्य की सत्ता संभाली है। उन्होंने बिहार में लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार का स्थान लिया, जिनके इस्तीफे और राज्यसभा में जाने के फैसले के बाद यह परिवर्तन संभव हुआ। वहीं शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व पर पूरा विश्वास जाहिर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि चौधरी की ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव बिहार के विकास में अहम होगा। उन्होंने उम्मीद जाहिर कि राज्य उनके नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और सुशासन, पारदर्शिता तथा जनकल्याण के



नए मानक स्थापित करेगा। सम्राट चौधरी ने पटना स्थित राज्यपाल भवन में शपथ ली। उन्हें बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। 57 वर्षीय चौधरी बिहार के पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यमंत्री बने हैं, जो राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। उनके साथ विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी ने इन दोनों नेताओं को भी शुभकामनाएं देकर विश्वास जताया कि उनका अनुभव और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता राज्य के विकास को नई दिशा देगी। सम्राट चौधरी का राजनीतिक सफर 1990 के दशक में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से शुरू हुआ था, लेकिन बाद में वे 2018 में भाजपा में शामिल हो गए। उनकी नियुक्ति न केवल नेतृत्व परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए बिहार में एक नए राजनीतिक चरण की शुरुआत भी है।

## 'सुप्रीम कोर्ट में मंदिर पक्ष का तर्क...धर्म की प्रथा उस समुदाय की आस्था से तय होती, न कि न्यायिक मानकों से

नई दिल्ली। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई के दौरान धार्मिक अधिकारों और संवैधानिक सीमाओं पर अहम बहस हुई। सबरीमाला मंदिर का प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्थनम बोर्ड की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को धार्मिक मान्यताओं की सही-गलत की व्याख्या नहीं करनी चाहिए। उनके अनुसार, किसी भी धर्म की प्रथा उस समुदाय की आस्था से तय होती है, न कि न्यायिक मानकों से होती है। वकील सिंघवी ने कहा कि धर्म मूल रूप से एक सामूहिक विश्वास है, इसलिए कुछ व्यक्तियों के अधिकार पूरे समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता पर हावी नहीं हो सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक अधिकारों पर रोक केवल विधि (कानून) के माध्यम से ही लग सकती है, न कि केवल सरकारी आदेशों या निर्देशों से रोक लगा सकते हैं। यदि बिना कानून के हस्तक्षेप हुआ, तब इससे सरकार को मनमाने ढंग से धार्मिक स्वतंत्रता में दखल देने का मौका मिल सकता है।

इस मामले की पृष्ठभूमि में केरल हाईकोर्ट का 1991 का फैसला है, इसमें 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बाद में सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इस प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताकर हटा दिया। इसके बाद पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर कई संवैधानिक प्रश्नों पर अब विस्तृत बहस हो रही है।

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा की सुनवाई जारी रहनी चाहिए

नई दिल्ली । दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने चर्चित मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ा फैसला सुनाते हुए रॉबर्ट वाड्रा समेत कई आरोपियों के खिलाफ ट्रायल का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कहा कि पहली नजर में मामला बनता है और इसकी सुनवाई जारी रहनी चाहिए। कोर्ट में पेश किए गए तथ्यों के मुताबिक, गुरुग्राम के शिकोहपुर इलाके में करीब 3.15 एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी का आरोप है। बताया गया कि जमीन का सौदा 7.15 करोड़ रुपये में दिखाया गया, लेकिन उस समय असल भुगतान नहीं हुआ। बाद में ज्यादा रकम ट्रांसफर की गई, जिससे पूरी डील पर सवाल खड़े हुए। नियमों को दरकिनार कर इस जमीन पर कमर्शियल कॉलोनी का लाइसेंस हासिल किया गया और फिर उसी जमीन को करीब 58 करोड़ रुपये में बेच दिया गया। इस सौदे में लगभग 43 करोड़ रुपये का अवैध फायदा कमाने की बात सामने आई है, जिसे बाद में अलग-अलग कंपनियों के जरिए रोटेट कर सफेद किया गया।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर फिर शुरू होगी बातचीत

### भारतीय डेलिगेशन अगले हफ्ते वॉशिंगटन रवाना होगा; नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर चर्चा होगी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से रुकी हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर अगले हफ्ते बातचीत फिर से शुरू होने वाली है। केंद्र सरकार का एक हाई-लेवल डेलिगेशन अगले सप्ताह वॉशिंगटन रवाना होगा। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका में टैरिफ नियमों और अदालती फैसलों की वजह से व्यापारिक समीकरण बदल गए हैं। बुधवार को सरकारी सूत्रों ने डेलिगेशन की इस यात्रा की पुष्टि की। पहले इस समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने की उम्मीद थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प शासन के दौरान लागू टैरिफ व्यवस्था और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले ने स्थितियों को कठिन बना दिया है।

दोनों देशों ने फरवरी में व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा तैयार कर ली थी। इस फ्रेमवर्क के तहत अमेरिका भारतीय सामानों पर आयात शुल्क यानी टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हो गया था। हालांकि, इसके तुरंत बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के लगाए गए कुछ पुराने टैरिफ नियमों को रद्द कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिया है। इसी स्पष्टता की कमी के कारण पिछले महीने होने वाली बैठक टाल दी गई थी।

जब फरवरी में फ्रेमवर्क तैयार हुआ था, तब भारत को अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर स्थिति मिल रही थी। अमेरिका के अन्य देशों पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच भारत के लिए 18 प्रतिशत की दर फायदेमंद थी।

## अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज, बॉम्बे हाईकोर्ट ने उम्रकैद में छूट देने से किया इनकार

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम को बड़ा झटका देते हुए उसकी समय से पहले रिहाई और सजा में छूट की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस कमल खाता की डिवीजन बेंच ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया और सलेम को किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार कर दिया।

यह याचिका जुलाई 2025 में पहली बार सुनवाई के लिए आई थी। उस समय अदालत ने प्रारंभिक तौर पर इसे कमजोर मानते हुए भी सुनवाई के लिए स्वीकार किया था। हालांकि अंतिम निर्णय में अदालत ने स्पष्ट किया कि सलेम के खिलाफ दर्ज गंभीर अपराधों को देखते हुए उसे किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जा सकती। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने अदालत में दलील दी कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सलेम का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर है, जिसमें आतंकवाद, हत्या और जबरन वसूली जैसे मामले शामिल हैं। राज्य सरकार ने भी सलेम की याचिका का कड़ा विरोध किया। सरकार ने कहा कि इस तरह के अपराधों में दोषी व्यक्ति को सजा में छूट देना न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ होगा। जेल विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक सुहास वार्के ने अपने हलफनामे में बताया कि 1993 के बम धमाकों के बाद सलेम देश छोड़कर फरार हो गया था। गौरतलब है कि 1993 मुंबई बम्ब ब्लास्ट मामले में दोषी ठहराए गए सलेम को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

## यौन उत्पीडन् के आरोपी के घर चला बुलडोजर

अमरावती। महाराष्ट्र में अमरावती जिले के परतवाड़ा में लड़कियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाया। जांच के लिए प्रशासन ने 46 सदस्यीय विशेष जांच दल बनाया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तनवीर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी लड़कियों को फंसाते थे, फिर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर अश्लील वीडियो बनाते थे। पुलिस ने इन चारों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हें सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। दावा है कि आरोपियों के पास 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो मिले हैं, जिनसे वह लड़कियों को ब्लैकमेल कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि अब तक किसी भी पीड़ित ने शिकायत के लिए सीधे संपर्क नहीं किया है। पुलिस ने पीड़ितों और उनके परिवारों से आगे आकर जांच में सहयोग करने की अपील की है।

# ओवरब्रिज निर्माण में मुआवजे को लेकर वार्डवासियों का विरोध

## नियम अनुसार मुआवजा देने की मांग, कलेक्टर-एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के वार्ड क्रमांक 10 और 11, भटेरा रोड के निवासियों ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए हुए मकान, दुकान एवं भूमि अधिग्रहण में मिल रहे मुआवजे को लेकर असंतोष जताया है। वार्डवासियों ने नियमों के अनुरूप मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज को लेकर लगातार विवाद और आपत्तियां सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें भूमि अधिग्रहण के बदले उचित और समान मुआवजा नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने पहले भी इस संबंध में बालाघाट विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इसी के चलते 15 अप्रैल को एक बार फिर बड़ी संख्या में नागरिक कलेक्टर और एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वार्डवासी रशीद अहमद और श्री भोंडेकर ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के नियमों के अनुसार निर्धारित समयावधि में मुआवजा मिल जाना चाहिए, लेकिन अब




तक उन्हें पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही, उन्हें मिले दस्तावेजों और निर्देशों में भी कई विसंगतियां पाई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड क्रमांक 10 और 11 के बीच मुआवजे में असमानता बरती जा रही है। एक क्षेत्र के लोगों को अधिक मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि दूसरे क्षेत्र के लोगों को कम राशि मिल रही है, जो पूरी तरह अनुचित है। उनका कहना है कि यदि क्षेत्र व्यावसायिक है, तो सभी को एक समान मुआवजा मिलना चाहिए। वार्डवासियों ने यह भी कहा कि शहरी क्षेत्रों में नियम के तहत दो गुना मुआवजा दिया जाता है, लेकिन यहां इस प्रावधान का भी पालन नहीं किया जा रहा है। रशीद अहमद ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देता, तो वे सभी प्रभावित लोगों के साथ उच्च न्यायालय की शरण लेंगे और न्यायोचित मुआवजे के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके मकान और दुकान टूटते हैं, तो कई परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो जाएगा और उन्हें किराए के मकानों में रहना पड़ेगा। बावजूद इसके प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। वार्डवासियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप कर नियमों के अनुसार उचित मुआवजा सुनिश्चित करे, ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।

# मनु कटंगकार ने रचा इतिहास 491 अंक के साथ विद्यालय में प्रथम

## प्रदेश मेरिट में 9वीं रैंक हासिल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाल ही में घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलेझरी की छात्रा कु. मनु कटंगकार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 491 अंक अर्जित किए हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बल्कि प्रदेश की मेरिट सूची में 9वीं रैंक भी हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।छात्रा मनु की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का यह



परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है।छात्रा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत ने उनके निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मनु को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह सफलता निरंतर प्रयास और समर्पण का परिणाम है।मनु की इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में गर्व की अनुभूति हो रही है।

# मोटर चोरी का खुलासा तिरोड़ी पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के थाना तिरोड़ी क्षेत्र में हुई मोटर चोरी की वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। जिसकी तलाश जारी है।

### क्या है पूरा मामला

12 अप्रैल 2026 को फरियादी दिनेश उइके 42 वर्ष वार्ड नं. 12 गुडरूघाट थाना तिरोड़ी निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत में सिंचाई के लिए लगी 1.5 ॥क की पानी की मोटर और ट्रैक्टर में लगने वाली कैचविल चोरी हो गई है।10 अप्रैल की शाम तक मोटर कुएं में लगी हुई थी, लेकिन 11 अप्रैल की सुबह जब वह खेत पहुंचा तो मोटर और कैच चेन दोनों गायब थे। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 15,000 रुपये बताई गई।इस पर थाना तिरोड़ी में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 94/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### जांच में हुआ खुलासा

जांच के दौरान पुलिस ने संदेही रंजीत उइके 24 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपने साथी किशोर मेश्राम 30 वर्ष के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।आरोपियों ने चोरी की मोटर को दिलीप परते 32 वर्ष को 2000 रुपये में बेच दिया और कैचविल को ईनू नगपुरे नामक व्यक्ति सावरगांव निवासी को 900 रुपये में बेच दिया।

### पुलिस ने बरामद किये सामान

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी में इस्तेमाल किया गया चाकू बिक्री के बाद बचे नगद रुपये वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (MP50-MR-3819)चोरी की गई मोटर बरामद कर जप्त की है। इस मामले में तीन आरोपी रंजीत उइके,किशोर मेश्राम दोनो ग्राम गुडरुघाट दिलीप परते मिरगपुर निवासी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटंगी में पेश किया गया है। वहीं, एक अन्य आरोपी ईनू नगपुरे फरार है।जिसकी तलाश जारी है।

### सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुद्रकरण मिश्रा सहित पुलिस टीम के सदस्यों सहायक उपनिरीक्षक उमेश दियेवार, आरक्षक संदीप अहिरवार, ललित देशमुख, विकास तोमर और महिला आरक्षक कृतिका बट्टी का विशेष योगदान रहा।

# मनका टेकरी दरगाह का एक दिवसीय सालाना उर्स आज

## श्रद्धालु करेंगे मनके की खोज ,विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कौमी एकता की मिसाल मनका टेकरी दरगाह में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला एक दिवसीय सालाना उर्स आज गुरुवार 16 अप्रैल को पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक मान्यताओं के साथ मनाया जाएगा। मनका टेकरी उर्स मुबारक के मौके पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सिविल लाइन स्थित हजरत सैयद् शाह बाबा की मजार और बसस्टैंड से श्रद्धालुओं द्वारा एक शाही संदल निकाला जाएगा।जो नगर के विभिन्न मार्गों व चौक चौराहों का गस्त करता हुआ, मनका टेकरी दरगाह शरीफ पहुंचेगा, जहां अकीदतमंदो द्वारा मजार शरीफ में फूल व चादर पेश कर फातेहा पढ़ी जाएगी।साथ ही दरगाह शरीफ में देश की सुख समृद्धि आपसी भाईचारे और अमनो अमान की दुआएं मांगी जाएगी।वही दिन रात लंगर, कव्वाली सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन कर उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा



### उर्स में विभिन्न राज्यों के लोग होते हैं शामिल

आपको बताए कि इस दरगाह शरीफ में उर्स मुबारक के खास मौके पर केवल स्थानीय ही नहीं बल्कि अन्य जिलों व राज्यों के विभिन्न समुदाय के लोग शामिल होते हैं।इस वर्ष भी महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु इस सालाना उर्स में शामिल होंगे।वही दरगाह शरीफ में उर्स मुबारक के मौके पर रात में कव्वाली व लंगर ए आम का इंतजाम किया जाएगा।

### श्रद्धालु करते हैं मनके की खोज

वैनगंगा नदी तट पर स्थित कलंदर बाबा मेहर अली शाह दरगाह को मनका टेकरी दरगाह के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालुओं की मान्यता के अनुसार दरगाह परिसर में मनके यानी एक खास किस्म के कीमती रत्नों की बरसात होती है।इस दरगाह शरीफ में आने वाले लोगों की मन की मुरादे पूरी हो जाती है।इसीलिए दरगाह शरीफ का नाम मनका टेकरी रखा गया है। जहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले उर्स मुबारक पर लोगों का तांता लगा रहता है।वहीं दरगाह में पहुंचने वाले लोगों को अक्सर मनको की खोज करते देखा जाता है।ऐसा माना जाता है कि जिसे मनका मिल जाता है वह खुद किस्मत होता है और उसकी मन की मुराद पूरी होती है

### उर्स आयोजन के लिए नहीं लिया जाता किसी से चंदा

कलंदर बाबा मोहर अली शाह के उर्स मुबारक की विशेषता यह है कि यह कार्यक्रम के लिए किसी से किसी प्रकार का चंदा नहीं लिया जाता बल्कि इस आस्ताने से जुड़े लोग अपने अपने स्तर पर सहयोग कर आयोजन को संपन्न कराते हैं। यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है, बताया जाता है कि कलंदर बाबा मोहर अली शाह द्वारा किसी से कोई चंदा नही लिए जाने को कहा गया था लिहाजा उनकी आज्ञा का परिपालन यह किया जाता है और किसी से कोई चंदा नहीं लिया जाता।

### कौमी एकता का दिखता है मंजर

मनका टेकरी स्थित दरगाह शरीफ उन आस्तानो में शुमार है जहां कौमी एकता का मंजर आप देख सकते हैं, यहां किसी के भी आने जाने में कोई मनाही नहीं है।सभी धर्म और मजहब के लोग यहां आते हैं और शीश झुकाते हैं फिर चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान।यहां अक्सर सामाजिक सद्भाव का नजारा देखने को मिलता है।यही कारण बड़ी तादाद में लोग इस आस्ताने से जुड़े हुए हैं और खिदमत को अंजाम देते हैं।

### कौमी एकता का प्रतीक है दरबार- रमेश जैतवार

उर्स मुबारक पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर की गई चर्चा के दौरान मनका टेकरी दरगाह में खिदमत को अंजाम दे रहे जयारीन रमेश कुमार जैतवार ने बताया कि यह दरबार कौमी एकता का प्रतीक है।दूर दूर से लोग यहां पर माथा टेकने आते हैं और अपने मन की मुरादे पाते हैं।16 अप्रैल को यहां सालाना उर्स है जिसमें केवल बालाघाट नगर ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों के लोग आते हैं और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हैं।इस आस्ताने में मन की मुराद पूरी होती है।उर्स मुबारक पर यह मनको की बरसात होती है।अक्सर लोग उर्स मुबारक पर आकर यहां मनके चुनते है। यहां से कई लोगों को फैज मिला है। हम भी कई वर्षों से इस दरबार से जुड़े हैं। यहीं पर सेवा करते हैं जहां कोई भी आयोजन के लिए चंदा नहीं लिया जाता। इस दरबार में लोग मन मांगी मुरादें पाते हैं।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद वारासिवनी जिला बालाघाट

क्रमांक/ १०८९/ लो.नि.वि./न.पा.प./२०२६ वारासिवनी दिनांक: १५/०४/२०२६

### इश्तेहार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी जिला बालाघाट द्वारा अपने अधीनस्थ वार्ड क्रमांक-०२ में स्थित डॉ. ऑम्बेडकर मंगल भवन का रेनोवेशन कार्य किया जा रहा है। रेनोवेशन कार्य में भवन से निकले हुए टीन+लोहा की नीलामी की जानी है। जिस हेतु सीलबंद लिफाफे में कार्य का नाम एवं प्रतिकिलो की दर पर आमंत्रित करती है। जो दिनांक २३.०४.२०२६ को समय दोप. ०३.०० बजे तक प्राप्त किये जायेगें। निविदा लिफाफे उसी दिनांक २३.०४.२०२६ को समय सायं ०५.०० बजे निविदाकर्ता एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

**शर्तें:-**

१. निकाय द्वारा किसी प्रकार का अग्रिम नहीं दिया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद वारासिवनी**
**जिला-बालाघाट**



In The Court Of Pranesh Kumar Pran, Principal District and Session Judge, Balaghat
Presiding Officer: प्राणेश कुमार प्राण

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दु अप्राप्तव्यता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956

प्रकरण क्रमांक **(MJC GW/000014/2026)**

1 काव्यान पिता सुरेन्द्र कुमार धुर्वे

2 कु. गौरवी पिता सुरेन्द्र कुमार धुर्वे दोनों ना.बा. वली मां एवं संरक्षक साधना पति स्व. सुरेन्द्र कुमार धुर्वे

3 साधना धुर्वे पति स्व. सुरेन्द्र कुमार धुर्वे निवासी वार्ड नंबर 13 बूढ़ी बालाघाट वर्तमान निवासी पदस्थ कार्यालय अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग सिवनी जिला सिवनी म.प्र.

........................ आवेदकगण

**विरूद्ध**

आम जनता

............................ अनावेदक

Process Id - 336/2026

पेशी दिनांक :- 15/05/2026

(1) आम जनता पता-आम जनता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती साधना धुर्वे ने संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1956 की धारा 8 हिन्दु अप्राप्तव्यता एवं संरक्षकता अधिनियम के अंतर्गत स्वयं को दोनों बच्चों क्रमशः काव्यान एवं कु. गौरवी का संरक्षक एवं प्रतिपाल्य घोषित करने का आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

यह कि आवेदिका ने दोनों बच्चों क्रमशः काव्यान एवं कु. गौरवी को अपने और अपने पति स्व. सुरेन्द्र कुमार धुर्वे की संतान होना बताया है। आवेदिका ने उक्त आवेदन में अभिवचनित किया है कि उसे उसके बच्चों का संरक्षक घोषित किया जावे जिससे कि वह अपने बच्चों के हिस्से का एक पुराना मकान जो कि वार्ड नंबर 11 बालाघाट प.ह.नं. 13/2, जिला बालाघाट में नजूल भूमि शीट क्रं. 306 प्लाट नं. 175/3 क्षेत्रफल 535 वर्गफुट में है को विक्रय कर सके।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में आवेदक के अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15-05-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

**न्यायाधीश**
**प्राणेश कुमार प्राण**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**बालाघाट ( म.प्र. )**


# पूर्व डीएसपी दंपत्ति पर दर्ज केस को लेकर बढ़ा विवाद

## पुलिस पेंशनर्स संघ ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग, सौपा ज्ञापन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भरतसिंह चौहान एवं उनकी पत्नी राजश्री चौहान के खिलाफ पन्ना जिले के थाना मण्डला में दर्ज प्रकरण को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में जिला पुलिस पेंशनर्स संघ ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस महानिदेशक, के नाम ज्ञापन पुलिस अधीक्षक बालाघाट के माध्यम से सौंपा है। संघ ने प्रकरण को निराधार बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।**

### क्या है पूरा मामला

संघ से पदाधिकारियों के अनुसार 7 अप्रैल 2026 को चौहान दंपत्ति अपनी निजी कार से पन्ना-छतरपुर मार्ग से गुजर रहे थे, इसी दौरान थाना मण्डला क्षेत्र में वाहन चेकिंग के नाम पर उन्हें रोका गया। आरोप है कि मौके पर मौजूद आरक्षक द्वारा बिना पर्याप्त अधिकार के चेकिंग करते हुए दंपत्ति के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। संघ ने दावा किया कि घटना के वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि दंपत्ति शांतिपूर्वक स्थिति संभालने का प्रयास कर रहे थे, जबकि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया है।

### चलानी कार्यवाही से निपट सकता था मामला

पुलिस पेंशनर्स संघ ने इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल एक साधारण यातायात नियम उल्लंघन (सीट बेल्ट) का मामला था, जिसे मौके पर चालान बनाकर निपटाया जा सकता था। लेकिन इसके विपरीत, थाना मण्डला के अधिकारियों द्वारा इसे गंभीर आपराधिक प्रकरण का रूप दे दिया गया और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट भी जोड़ दिया गया, जिसे संघ ने पूरी तरह अनुचित और आधारहीन बताया है। संघ ने यह भी सवाल उठाया कि जब लाइसेंसी बंदूक पति के नाम पर है और पत्नी उसके साथ मौजूद थी, तो उसे अपने पास रखने को अपराध कैसे माना गया, जबकि बंदूक का कोई दुरुपयोग नहीं हुआ। संघ का कहना है कि यह कार्रवाई पुलिस की असंवेदनशीलता और गलत निर्णय का उदाहरण है।




### तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा - प्रजापति

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान पुलिस पेंशनर्स संघ अध्यक्ष उमाशंकर प्रजापति ने बताया कि लगभग चार दशकों तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने वाले 80 वर्षीय वरिष्ठ पेंशनर के साथ इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पूरे प्रदेश के पुलिस पेंशनर्स में आक्रोश व्याप्त है।हमने ज्ञापन में प्रकरण क्रमांक 15/2026 को समाप्त करने, दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने, मामले की जांच किसी अन्य जिले के वरिष्ठ अधिकारी से कराने तथा पुलिस मैन्युअल के नियमों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई है यदि इस प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन इस संवेदनशील मामले में न्याय संगत निर्णय लेते हुए पीड़ित दंपत्ति को राहत प्रदान करेगा।


**किराये से देना है**

काली पुतली चौक बालाघाट मेन रोड पर स्थित स्टेट बैंक के बाजू में कमरा, ऑफिस एवं दुकान के लिये किराये से देना है।

संपर्क करें- 8516809720



**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोनः- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# हंगरी में बदलाव : विक्टर ओर्बन की सत्ता से बेदखली

हंगरी के मतदाताओं का फैसला बिल्कुल स्पष्ट है। उनके फैसले ने हंगरी के ईसाई-राष्ट्रवादी, लोकलुभावन और धुर दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। ओर्बन ने रिकॉर्ड 20 सालों तक देश की सत्ता संभाली (1998-2002 और 2010-2026)। उन्होंने इस चुनाव से पहले लगातार चार चुनावी जीत हासिल की थीं। ताजा चुनावी नतीजों के मुताबिक, विपक्षी नेता पीटर मैग्यार की तिस्जा पार्टी ने लगभग 138 सीटें जीती हैं, जबकि ओर्बन की फिदेस्ज पार्टी को 55 सीटें मिली हैं। हंगरी की संसद में दो-तिहाई की भारी बहुमत मैग्यार को शिक्षा एवं स्वास्थ्य, न्यायिक स्वतंत्रता और विवादास्पद एनईआर (नेम्जेटी एग्युट्टमुकोडेस रेंडजेरे) या राष्ट्रीय सहयोग प्रणाली पर ओर्बन युग के कई बदलावों को पलटने में मदद करने के लिए पर्याप्त है। राष्ट्रीय सहयोग प्रणाली के बारे में विपक्ष का कहना है कि इसने आर्थिक मंदी, घोर भ्रष्टाचार और याराना पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटलिज्म) के साथ-साथ यूरोपीय संघ विरोधी रुख को जन्म दिया है। हालांकि दो साल पहले तक फिदेस्ज पार्टी के नेता रहे और फिर सत्तारूढ़ पार्टी की नीतियों के विरोध में पार्टी छोड़कर अपना खुद का राजनीतिक आंदोलन स्थापित करने वाले, मैग्यार के द्वारा ओर्बन की आप्रवासी विरोधी नीतियों को पलटे जाने की कोई संभावना नहीं है। चुनाव से पहले, विक्टर ओर्बन को हाल के संघर्षों में आक्रांता माने जाने वाले तीन शक्तिशाली नेताओं - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू - का समर्थन मिला। ट्रम्प ने तो पिछले हफ्ते बुडापेस्ट में ओर्बन के साथ एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के लिए उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस को भी भेजा था। ओर्बन ने नेतन्याहू का स्पष्ट रूप से समर्थन किया था। दरअसल, हंगरी ने इजराइल के प्रधानमंत्री के खिलाफ युद्ध अपराधों के आरोप में वारंट जारी होने के बाद अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय छोड़ दिया था। यह देखना बाकी है कि ओर्बन के बाद का हंगरी ईरान, यूक्रेन या गाजा में चल रहे युद्धों पर अपना रुख बदलता है या नहीं। पूरी दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 2010 के दशक में जहां चुनावों के जरिए कई लोकलुभावन नेताओं का उदय हुआ, वहीं हंगरी के चुनाव नतीजों से यह संकेत मिलता है कि दुनिया भर के मतदाता शायद उस धुर दक्षिणपंथी, बहुलवाद-विरोधी, आप्रवासी-विरोधी और विदेशियों के प्रति नफरत से भरी बयानबाजी से थक रहे हैं जिसका उन्होंने समर्थन किया था। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, ब्रिटेन और पोलैंड में हुए चुनावों में भी इसी किस्म के नतीजे देखने को मिले हैं। इस तरह के रुझान सत्तावादी एकदलीय शासन पर भी लगाम लगाते हैं, जिसे विभिन्न नेताओं ने अलोकतांत्रिक नीतियों, विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक रूप से प्रेरित मामलों, लोकतांत्रिक संस्थानों को बदनाम करने और अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने के जरिए लागू करने की कोशिश की है। अगर मैग्यार हंगरी में इन नीतियों को पलटना चाहते हैं, तो उनके सामने काफी चुनौतियां होंगी। एक लोकतांत्रिक नेता का असली इम्तिहान सिर्फ चुनाव जीतने में नहीं होता, बल्कि पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व करने और सरकार बनने के बहुत बाद भी अपने कार्यों की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली समावेशी नीतियों को आगे बढ़ाने में होता है।

# बिहार में भाजपा का युग : एक नया राजनीतिक अध्याय

राजनीति भी ऐसा मौसम है पता नहीं कब क्या कुछ हो जाये ? ऐसे ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुछ नहीं कहा जा सकता कब उनका फैसला बदल जाये। वैसे भी बिहार की राजनीति लंबे समय तक जातीय समीकरणों, क्षेत्रीय दलों और गठबंधन की जटिलताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी का उभार राज्य की राजनीति में एक नए अध्याय का संकेत दे रहा है। यह बदलाव केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, विकास के एजेंडे और नेतृत्व शैली में भी परिवर्तन का द्योतक है। ऐसे में बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना जाना और बिहार के वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

बिहार में भारतीय जनता पार्टी का विस्तार कोई अचानक हुई घटना नहीं है। यह एक लंबी रणनीतिक यात्रा का परिणाम है, जिसमें संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का नेटवर्क और केंद्र की नीतियों का प्रभाव शामिल है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं—जैसे उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना—ने राज्य के ग्रामीण और गरीब वर्गों में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ाई है। इससे पार्टी को एक मजबूत जनाधार बनाने में मदद मिली है।

हालांकि, बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता और राष्ट्रीय जनता दल जैसे प्रभावशाली दल अभी भी मजबूत स्थिति में हैं। ऐसे में भाजपा का यह उभार एक प्रतिस्पर्धात्मक राजनीतिक वातावरण तैयार करता है, जहां सत्ता की लड़ाई और अधिक दिलचस्प और जटिल हो गई है। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने विकास के वादों को जमीन पर उतारे। बिहार आज भी बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। भाजपा को इन क्षेत्रों में ठोस सुधार करना होगा। यह उसके लिए एक स्थायी राजनीतिक आधार बनाने का अवसर हो सकता है। इसके अलावा, सामाजिक समरसता और जातीय संतुलन बनाए रखना भी भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कसौटी होगी। बिहार की सामाजिक संरचना बेहद संवेदनशील है, जहां छोटी-सी राजनीतिक चूक भी बड़े सामाजिक तनाव का कारण बन सकती है। बिहार में भाजपा का उभरता हुआ युग एक परिवर्तनशील दौर का प्रतीक है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह बदलाव राज्य को विकास और स्थिरता की ओर ले जाता है या फिर यह केवल सत्ता के नए समीकरणों तक ही सीमित रह जाता है। आने वाले समय में बिहार की राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश की राजनीतिक धारा को भी प्रभावित करेगा।

### बिहार में सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना

ऐसे में भाजपा ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना है तो यह तय है कि सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनते ही केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं बल्कि एक व्यापक राजनीतिक संदेश और रणनीतिक बदलाव का संकेत होगा। सबसे पहले, यह कदम भारतीय जनता पार्टी के उस प्रयास के रूप में देखा जाएगा, जिसमें वह बिहार में अपनी स्वतंत्र पहचान को और मजबूत करना चाहती है। लंबे समय तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन की राजनीति करने के बाद, भाजपा अब अपने चेहरे के साथ चुनावी मैदान में उतार दिया है। सम्राट चौधरी का सामाजिक आधार भी इस चर्चा को महत्वपूर्ण बनाता है। वे पिछड़े वर्ग से आते हैं, जो बिहार की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाता है। ऐसे में उनका मुख्यमंत्री बनना सामाजिक प्रतिनिधित्व के नए समीकरण साध सकता है और भाजपा को उन वर्गों में और गहराई तक पहुंचाने में मदद कर सकता है, जहां अब तक अन्य दलों का प्रभाव रहा है। हालांकि, यह रास्ता आसान नहीं होगा। बिहार जैसे राज्य में प्रशासनिक अनुभव, गठबंधन संतुलन और जमीनी पकड़ बेहद महत्वपूर्ण होती है। लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव जैसे विपक्षी नेताओं की मजबूत राजनीतिक पकड़ के बीच सम्राट चौधरी को अपनी स्वीकार्यता साबित करनी होगी। इसके अलावा, यह भी देखना दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा इस बदलाव के जरिए युवाओं और




नए मतदाताओं को आकर्षित कर पाती है या नहीं। क्योंकि आज की राजनीति में केवल जातीय समीकरण ही नहीं, बल्कि विकास, रोजगार और सुशासन भी उतने ही अहम मुद्दे बन चुके हैं। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकता है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे उम्मीदों पर कितना खरे उतरते हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि विश्वास और प्रदर्शन की एक बड़ी परीक्षा होगी।

अगर हम सम्राट चौधरी के राजनीतिक करियर की बात करे तो बिहार की समकालीन राजनीति में तेजी से उभरते नेतृत्व का उदाहरण माना जाता है। उनका सफर छात्र राजनीति से लेकर राज्य की सत्ता के शीर्ष तक पहुंचने का रहा है।

सम्राट चौधरी का जन्म बिहार के एक राजनीतिक परिवार में हुआ। उनके पिता शकुनी चौधरी भी राज्य की राजनीति में सक्रिय रहे। सम्राट चौधरी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत छात्र राजनीति से की और धीरे-धीरे मुख्यधारा की राजनीति में मजबूत पहचान बनाई। सम्राट चौधरी ने अपने करियर में कई राजनीतिक दलों के साथ काम किया। सम्राट चौधरी बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और संगठन में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है। बीजेपी में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले, जिससे उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई। राजनीतिक परिस्थितियों और पार्टी के रणनीतिक निर्णयों के चलते सम्राट चौधरी को बिहार की राजनीति में प्रमुख चेहरा बनाया गया। मुख्यमंत्री बने तो यह उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक कौशल और सामाजिक समीकरणों को साधने की क्षमता का परिणाम माना जाएगा।

उनकी राजनीतिक विशेषताएं। ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। आक्रामक और स्पष्ट वक्ता सहित संगठन और जनाधार दोनों पर पकड़ रखते हैं।

सम्राट चौधरी का करियर यह दिखाता है कि बिहार की राजनीति में लगातार सक्रियता, रणनीति और समय के अनुसार निर्णय लेना कितना महत्वपूर्ण है। वे आज राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। 2026 के अनुसार भाजपा के 16 वें राज्य के मुख्यमंत्री होंगे सम्राट चौधरी ।

### नीतीश कुमार युग का अंत

नीतीश कुमार का नाम बिहार की राजनीति में एक लंबे समय तक स्थिरता, सुशासन और सामाजिक संतुलन के प्रतीक के रूप में लिया जाता रहा है। लगभग दो दशकों तक विभिन्न चरणों में सत्ता संभालने वाले नीतीश कुमार ने राज्य की राजनीति को नई दिशा दी। लेकिन अब बदलते राजनीतिक समीकरण और नेतृत्व की नई मांगों के बीच उनके युग के अंत की चर्चा तेज हो रही है। नीतीश कुमार का उदय ऐसे समय में हुआ जब बिहार राजनीतिक अस्थिरता और पिछड़ेपन की छवि से जूझ रहा था। उन्होंने सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। सुशासन बाबू के रूप में उनकी पहचान बनी, जो प्रशासनिक दक्षता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक थी। हालांकि, समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों में बार-बार बदलाव—कभी के साथ गठबंधन, तो कभी किसी के साथ—ने उनकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए। गठबंधनों की इस राजनीति ने उन्हें सत्ता में बनाए रखा, लेकिन जनता के एक वर्ग में असमंजस और असंतोष भी पैदा किया। आज बिहार की राजनीति में युवा नेतृत्व, नई सोच और स्पष्ट वैचारिक दिशा की मांग बढ़ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार का नेतृत्व पहले जैसा प्रभावशाली नहीं दिखता। उनकी उम्र, बदलते राजनीतिक हालात और लगातार बदलते समीकरण इस बात का संकेत देते हैं कि राज्य अब एक नए नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। यह भी सच है कि किसी भी नेता का राजनीतिक जीवन स्थायी नहीं होता। हर युग का एक अंत होता है और एक नई शुरुआत भी। नीतीश कुमार के योगदान को नकारा नहीं जा सकता—उन्होंने बिहार को एक मजबूत आधार दिया, जिस पर आगे का विकास संभव है। नीतीश युग का अंत केवल एक व्यक्ति का राजनीतिक अवसान नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत है। आने वाला समय यह तय करेगा कि यह परिवर्तन राज्य के लिए कितना सकारात्मक साबित होता है।

**- सौरभ वार्ष्णेय**

## संपन्न दुनिया, असंतुष्ट मानवता — फिर गांधी का समय

आज जब हम 21वीं सदी के तीसरे दशक में खड़े हैं, तो एक कठोर सच्चाई हमें झकझोरती है—यह दुनिया जितनी समृद्ध कभी नहीं रही, उतनी ही असमान और असंतुष्ट भी कभी नहीं रही। विज्ञान ने चमत्कार किए हैं, तकनीक ने सीमाएँ तोड़ी हैं, और उत्पादन ने रिकॉर्ड बनाए हैं। फिर भी, भूख है, भय है, युद्ध है और भीतर एक गहरा असंतोष है। सवाल उठता है—आखिर क्यों?

संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न वैश्विक संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि दुनिया में इतना खाद्यान्न उत्पादन होता है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त भोजन मिल सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। फिर भी, करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन जी रहे हैं। यह विरोधाभास हमें एक ही निष्कर्ष तक ले जाता है—समस्या संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि उनके असमान वितरण और हमारी सोच की विकृति है।

इसी संदर्भ में महात्मा गांधी का दर्शन आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठता है। गांधी जी ने स्पष्ट कहा था—'पृथ्वी हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा कर सकती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को नहीं।' यह केवल एक कथन नहीं, बल्कि आज के वैश्विक संकट का सटीक विश्लेषण है।

आज का मानव 'आवश्यकता' से नहीं, बल्कि 'अतृप्त इच्छाओं' से संचालित हो रहा है। राष्ट्र अपनी सीमाओं की सुरक्षा से आगे बढ़कर संसाधनों पर नियंत्रण की होड़ में लगे हैं। ऊर्जा, जल और खनिज—ये अब जीवन के साधन नहीं, बल्कि शक्ति के प्रतीक बन गए हैं। हाल के वैश्विक संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संसाधनों पर वर्चस्व की यह लड़ाई कितनी विनाशकारी हो सकती है।

हमारी आर्थिक व्यवस्था भी इस असंतुलन को गहरा करती है। जब विकास का केंद्र 'मुनाफा' बन जाता है और 'मानव' पीछे छूट जाता है, तब समृद्धि कुछ हाथों में सिमट जाती है। बड़ी कंपनियाँ और शक्तिशाली वर्ग संसाधनों पर अधिकार जमा लेते हैं, जबकि आम जन संघर्ष करता रह जाता है। यह केवल आर्थिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन है।

गांधी जी का 'अपरिग्रह' हमें इसी संकट से बाहर निकलने का मार्ग दिखाता है। अपरिग्रह का अर्थ है—संतुलित जीवन, सीमित उपभोग और दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता। यदि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र इस सिद्धांत को अपनाएँ, तो संसाधनों पर अनावश्यक दबाव कम हो सकता है और संतुलन स्थापित हो सकता है।

इसके साथ ही, गांधी जी का 'ट्रस्टीशिप' का सिद्धांत आज के कॉर्पोरेट और आर्थिक ढांचे के लिए एक क्रांतिकारी विचार प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा था कि जिनके पास अधिक संपत्ति है, वे उसके मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक हैं। यदि यह भावना विकसित हो जाए, तो संपत्ति का उपयोग केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण के लिए किया जा सकता है।

आज दुनिया को केवल नीतिगत सुधारों की नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। हमें 'मैं और मेरा' की सीमाओं को तोड़कर 'हम और हमारा' की ओर बढ़ना होगा। जब तक हम स्वयं को एक वैश्विक परिवार का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक शांति और संतुलन की कल्पना अधूरी रहेगी।

सरकारों को ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और न्यूनतम जीवन स्तर को हर व्यक्ति का अधिकार बनाएँ। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है—व्यक्तिगत स्तर पर परिवर्तन। हमें अपने उपभोग, अपनी आवश्यकताओं और अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। क्या हमें वास्तव में उतना ही चाहिए जितना हम इकट्ठा कर रहे हैं? या हम अनजाने में किसी और के हिस्से को छीन रहे हैं?

-भूपेन्द्र गुप्ता

# विशेष संसद सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023- प्रॉक्सी पॉलिटिक्स,राजनीतिक ढाल, आपराधिक नेटवर्क द्वारा जानबूझकर इस्तेमाल रोकने कठोर सजा का प्रावधान ज़रूरी ताकि वास्तविक सशक्तिकरण हो

वैश्विक स्तरपर भारत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के माध्यम से लोकतांत्रिक इतिहास में एक निर्णायक कदम उठाया है, जिसका उद्देश्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर राजनीतिक प्रतिनिधित्व में लैंगिक संतुलन स्थापित करना है। यह कदम केवल सांख्यिकीय प्रतिनिधित्व बढ़ाने का प्रयास नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और लोकतंत्र की गुणवत्ता को मजबूत करने का एक व्यापक दृष्टिकोण भी है। किंतु इस ऐतिहासिक पहल के साथ कई गंभीर प्रश्न और आशंकाएँ भी उभरकर सामने आई हैंविशेषकर प्रॉक्सी नेतृत्व या बैक-डोर कंट्रोल का खतरा, जिसमें निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर वास्तविक सत्ता उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदारों के हाथों में होती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह समस्या भारत तक सीमित नहीं है; विश्व के कई लोकतंत्रों में महिला आरक्षण या कोटा लागू होने के बाद इसी प्रकार की चुनौतियाँ सामने आई हैंइसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम इस अधिनियम के निहितार्थों, संभावित जोखिमों और सुधारात्मक उपायों का गहन विश्लेषण करें ताकि

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के दूरगामी सकारात्मक प्रभाव हमारे विज़न 2047 के लिए सटीक रूप से मील का पत्थर साबित हो।

साथियों बात अगर हम मुद्दों का विश्लेषण करें तो सबसे पहला और बुनियादी प्रश्न यह हैकि क्या महिला जनप्रतिनिधियों का पारिवारिक पुरुषों द्वारा नियंत्रित होना मतदाताओं के विश्वास का हनन है ?लोकतंत्र की मूल आत्माप्रतिनिधित्व और उत्तरदायित्व पर आधारित होती है। जब मतदाता किसी महिला को उसकी ईमानदार छवि, सामाजिक संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता के आधार पर चुनते हैं, तब वे अपेक्षा करते हैं कि वही महिला नीति-निर्माण और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएगी। लेकिन यदि वास्तविक निर्णय उसके पति या परिवार के पुरुष सदस्य लेते हैं, तो यह न केवल मतदाता के विश्वास के साथ धोखा है, बल्कि लोकतंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी कमजोर करता है। भारत के कई राज्यों में पंचायत स्तर पर सरपंच पति की प्रवृत्ति एक स्थापित वास्तविकता बन चुकी है, जहाँ निर्वाचित महिला केवल नाममात्र की मुखिया होती है और वास्तविक शक्ति पुरुषों के हाथों में रहती है। यह स्थिति महिलाओं के सशक्तिकरण के मूल उद्देश्य को ही निष्प्रभावी कर देती है और उन्हें मात्र एक तुच्छ राजनीतिक औज़ार बना देती है।

साथियों दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने के बाद बैक-डोर नेतृत्व की संभावनाएँ बढ़ सकती हैं। जब किसी क्षेत्र को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया जाता है,तोराजनीतिक दल और प्रभावशाली पुरुष नेता अपने परिवार की महिलाओं को उम्मीदवार बनाकर अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता पर नियंत्रण बनाए




रखने का प्रयास कर सकते हैं। यह प्रवृत्ति पहले से ही स्थानीय निकायों में देखी जा चुकी है और यह संभावना है कि यह अब राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक भी फैल सकती है। इस संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, कुछ अफ्रीकी और दक्षिण एशियाई देशों में महिला कोटा लागू होने के बाद प्रारंभिक वर्षों में प्रॉक्सी पॉलिटिक्स का चलन बढ़ा,जहाँ महिलाएँ केवल प्रतीकात्मक प्रतिनिधि थीं। हालांकि समय के साथ, शिक्षा, राजनीतिक प्रशिक्षण और सामाजिक जागरूकता के बढ़ने से यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे कम हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल आरक्षण देना पर्याप्त नहीं है; उसके साथ संस्थागत और सामाजिक सुधार भी आवश्यक हैं।

साथियों तीसरा बिंदु यह है कि क्या अयोग्य या अक्षम पुरुष नेता, जो स्वयं चुनाव नहीं लड़ सकते, महिलाओं को आगे कर बैक-डोर से सत्ता पर नियंत्रण बनाए रखेंगे? यह आशंका पूरी तरह निराधार नहीं है। भारतीय राजनीति में परिवारवाद और वंशवाद पहले से ही एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। ऐसे में, यदि किसी पुरुष नेता पर कानूनी या राजनीतिक प्रतिबंध है, तो वह अपनी पत्नी, बेटी या अन्य महिला रिश्तेदार को उम्मीदवार बनाकर अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता का उपयोग कर सकता है। यह न केवल लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को कमजोर करता है, बल्कि योग्य और स्वतंत्र महिला नेताओं के उभरने में भी बाधा डालता है। इस समस्या का समाधान केवल कानूनी प्रावधानों से नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों की आंतरिक लोकतांत्रिक संरचना और उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में अति अति सतर्कता व पारदर्शिता से ही संभव है।

साथियों चौथा और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू अपराध और न्याय व्यवस्था से जुड़ा है। इंस्टीट्यूट फॉर क्राइम एंड जस्टिस पॉलिसी रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिला कैदियों की संख्या पिछले दो दशकों में 162 प्रतिशत बढ़ी है, जो पुरुष कैदियों की वृद्धि दर (77 प्रतिशत ) से कहीं अधिक है। यह असंतुलन कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या महिलाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ रही है, या उन्हें आपराधिक नेटवर्क द्वारा जानबूझकर इस्तेमाल किया जा रहा है? कई मामलों में यह पाया गया है कि मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी और अवैध प्रवास जैसे अपराधों में महिलाओं को इसलिए शामिल किया जाता है क्योंकि उन्हें कम संदेहास्पद माना जाता है। यह स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है जब हम इसे राजनीतिक संदर्भ में देखते हैं। यदि आपराधिक तत्व महिलाओं को राजनीतिक ढाल के रूप में इस्तेमाल करने लगें, तो यह लोकतंत्र और कानून व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। विशेष रूप से सीमावर्ती राज्यों में, जहाँ अवैध प्रवास और तस्करी की समस्या अधिक है, यह जोखिम और भी बढ़ जाता है।

साथियों पाँचवाँ मुद्दा आरक्षण के व्यावहारिक प्रभाव से जुड़ा है। यदि किसी विधानसभा या लोकसभा क्षेत्र को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया जाता है,और वहाँ पर्याप्त योग्य महिला उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो यह संभावना है कि अपेक्षाकृत कम सक्षम उम्मीदवार ही निर्वाचित हो जाएँ। यह स्थिति मतदाताओं के लिए भी अन्यायपूर्ण हो सकती है,क्योंकि उन्हें अपनी पसंद के सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करने का अवसर नहीं मिलता। हालांकि यह तर्क आंशिक रूप से सही है, लेकिन इसे व्यापक संदर्भ में देखना आवश्यक है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी वंचित वर्ग को अवसर दिया जाता है, तो प्रारंभिक वर्षों में चुनौतियाँ होती हैं, लेकिन समय के साथ वह वर्ग अपनी क्षमता विकसित कर लेता है। इसलिए, इस समस्या का समाधान आरक्षण को समाप्त करना नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए शिक्षा, नेतृत्व प्रशिक्षण और राजनीतिक सहभागिता के अवसर बढ़ाना है।

साथियों छठा और अंतिम बिंदु संवैधानिक संतुलन से जुड़ा है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि महिला आरक्षण के कारण पुरुषों के मौलिक अधिकारों, विशेष रूप से समानता के अधिकार, का उल्लंघन न हो। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 और 15 समानता और गैर-भेदभाव की गारंटी देते हैं, लेकिन साथ ही अनुच्छेद 15 (3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति भी देता है। इसलिए, महिला आरक्षण संवैधानिक रूप से वैध है, बशर्ते कि यह समान अवसर और न्याय के व्यापक सिद्धांतों के अनुरूप हो। यहाँ संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह नीति सामाजिक न्याय को बढ़ावा दे, न कि नए प्रकार के असंतुलन पैदा करे। इन सभी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक हो जाता है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में कुछ ठोस दंडात्मक व सुधारात्मक उपाय जोड़े जाएँ।

साथियों सबसे पहले, प्रॉक्सी नेतृत्व को रोकने के लिए स्पष्ट कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनमें आर्थिक और आपराधिक दंड शामिल हों। यदि यह साबित होता है कि कोई निर्वाचित महिला प्रतिनिधि केवल नाममात्र की है और वास्तविक निर्णय कोई अन्य व्यक्ति ले रहा है, तो उस पर और संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरा, महिला प्रतिनिधियों के लिए अनिवार्य राजनीतिक और प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर और सक्षम नेता बन सकें। तीसरा, राजनीतिक दलों को अपने आंतरिक ढांचे में सुधार करना होगा और महिलाओं को केवल टोकन उम्मीदवार के रूप में नहीं, बल्कि वास्तविक नेता के रूप में आगे बढ़ाना होगा। चौथा, नागरिक समाज और मीडिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण है; उन्हें ऐसे मामलों को उजागर करना चाहिए जहाँ महिलाओं का दुरुपयोग किया जा रहा हो।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यह देखा गया है कि महिला आरक्षण तभी सफल होता है जब उसे व्यापक सामाजिक और संस्थागत सुधारों के साथ जोड़ा जाए। रवांडा, नॉर्वे और फ्रांस जैसे देशों में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ने के साथ-साथ महिलाओं की वास्तविक भागीदारी भी बढ़ी है, क्योंकि वहाँ शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक स्वीकृति का स्तर उच्च है। भारत को भी इस दिशा में समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

अंततः, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत के लोकतांत्रिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और आवश्यक कदम है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम ᎏसंख्यात्मक प्रतिनिधित्वᎏ को ᎏवास्तविक सशक्तिकरणᎏ में कैसे बदलते हैं। यदि हम प्रॉक्सी नेतृत्व, आपराधिक दखल अंदाजी और संस्थागत कमजोरियों को दूर करने में सफल होते हैं, तो यह अधिनियम न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति बन सकता है। अन्यथा, यह केवल एक कागजी सुधार बनकर रहजाएगा जो अपने मूल उद्देश्य को पूरा करने में असफल रहेगा। इसलिए, समय की मांग है कि हम इस कानून को केवल एक राजनीतिक उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखें और इसे सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर गंभीर और ठोस प्रयास करें।

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी)

## अपनी सीट को लेकर कांग्रेस आई एक्टिव मोड में

# राज्यसभा चुनाव के लिए शह-मात का खेल शुरू!

भोपाल। मप्र में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। अभी सीटें आधिकारिक रूप से रिक्त नहीं हुई हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के बीच रणनीतिक मुकाबला शुरू हो चुका है। इस बार चुनाव में दो सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाती दिख रही हैं, लेकिन तीसरी सीट को लेकर शह-मात का खेल दिलचस्प हो गया है। भाजपा की रणनीति साफ है कि किसी भी तरह कांग्रेस से तीसरी सीट छीनी जाए। इसके लिए पार्टी ऐसे प्रभावशाली उम्मीदवार की तलाश में है, जिसकी पकड़ कांग्रेस के भीतर भी मजबूत हो और जो क्रॉस वोटिंग कराने में सक्षम हो। यदि भाजपा उम्मीदवार कांग्रेस के करीब 7 विधायकों को अपने पक्ष में करने में सफल होता है, तो पार्टी राज्यसभा चुनाव में क्लीनस्वीप कर सकती है। भाजपा की सक्रियता और रणनीति को भांपते हुए कांग्रेस भी एक्टिव मोड में आ गई है, ताकि अपनी सीट को बचाया जा सके।



पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का कार्यकाल खत्म होने से खाली हो रही तीसरी सीट को अपने कब्जे में करने भाजपा में बढ़ीं गतिविधियों ने प्रदेश में राज्यसभा के रण को रोचक बना दिया है। इस तीसरी सीट के लिए भाजपा की सक्रियता ने कांग्रेस को भी सतर्क कर दिया है। अपनी सीट बचाने कांग्रेस भी भोपाल से लेकर दिल्ली तक एक्टिव हो गई। चिंतन-मंथन और बैठकों में जहां जिताक चेहरे की खोज की जा रही है, वहीं इस सीट को बचाए रखने के लिए रणनीति भी बनाई जाने लगी है। पार्टी क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को साधते हुए मजबूत उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, हालिया घटनाक्रम जैसे विधायकों के कानूनी विवाद और संभावित असंतोष ने मुकाबले को और रोचक बना दिया है। कांग्रेस के भीतर एक संभावित बगावत और कुछ विधायकों की स्थिति स्पष्ट न होने से तीसरी सीट पर समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में आगामी राज्यसभा चुनाव में तीसरी सीट का मुकाबला बेहद कांटे का होने की संभावना है, जहां दोनों पार्टियां अपने-अपने स्तर पर रणनीति बनाकर जीत सुनिश्चित करने की कोशिश में जुटी हैं।

### प्रदेश प्रभारी आज करेंगे बैठक

मप्र के कोटे की खाली हो रहीं राज्यसभा की तीन सीटों के लिए मई-जून में निर्वाचन होना हैं। इनमें से दो सीटें भाजपा के खाते में हैं, जबकि तीसरी सीट पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का कार्यकाल पूरा होने की वजह से खाली हो रही है। विधानसभा में संख्या बल के आधार पर यह सीट कांग्रेस को मिलना लगभग तय है, लेकिन इस सीट पर भी भाजपा ने दावा ठोककर कांग्रेस को एक हिसाब से चुनौती दे डाली है। ऐसे में दिल्ली दरबार में मंथन के बाद प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी 15 अप्रैल को भोपाल आकर पार्टी नेताओं की बैठक लेंगे। चौधरी की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस राज्यसभा की अपनी सीट बचाने पर मंथन करेंगो। चौधरी पहले पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर अपनी सीट बचाए रखने पर चर्चा करेंगे। वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद चौधरी पार्टी के नेताओं और विधायकों से भी वन टू वन मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे विधायकों को पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता याद दिलाने के साथ चुनाव के दौरान एकजुटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### भाजपा तलाश रही संभावना

जिस तरह से पिछले डेढ़ माह में कांग्रेस विधायकों की संख्या में कमी आई है, उससे भाजपा के इस दावे को मजबूत बना दिया है, तो कांग्रेस अपने कुछ विधायकों को लेकर परेशान है। क्योंकि पार्टी को आशंका है कि इनमें से कुछ विधायक राज्यसभा के लिए मतदान के दौरान क्रास वोटिंग कर सकते है। प्रदेश कांग्रेस ने अपनी इस शंका पर वरिष्ठ नेताओं के साथ राज्यसभा चुनाव को लेकर मंथन करना शुरु कर दिया है। गतदिवस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मिलने उनके बंगले पहुंचे और उनसे बंद कमरे में राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। हालांकि पटवारी ने इसका खुलासा नहीं किया, अलबत्ता यह जरुर कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं से पार्टी संगठन से लेकर दूसरे आवश्यक विषयों पर चर्चा करते रहते हैं।

# तीसरी सीट पर चुनाव नहीं लड़ेगी भाजपा!

## भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में राज्यसभा चुनाव पर भी हुआ मंथन

भोपाल। मप्र में राज्यसभा की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर सियासी गहमागहमी चरम पर पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा तीसरी सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। यह फैसला कांग्रेस में कथित 'तोडफोड़' की राजनीति से दूरी बनाकर साफ संदेश देने के उद्देश्य से लिया गया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी जिस सीट पर चुनाव लड़ेगी, उस पर जीत हासिल करेगी। उधर, मुख्यमंत्री निवास में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम, राज्यसभा की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव, साल 2028 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव, किस तरह संगठन और सरकार के बीच तालमेल बनाया जाए, निगम और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति, मंत्रिमंडल के विस्तार और पार्टी संगठन के आगामी कार्यक्रम शामिल हैं। इस दौरान निर्णय लिया गया कि राज्यसभा की तीसरी सीट यानी कांग्रेस के कब्जे वाली सीट पर भाजपा प्रत्याशी उतारेगी या नहीं यह केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।

गौरतलब है कि प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से दो सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस के पास है। कांग्रेस में जिस तरह के हालात बने हुए हैं उससे भाजपा तीसरी सीट पर भी संभावना तलाश रही है। इस बीच मप्र भाजपा कोरग्रुप ने तय किया है कि यदि पार्टी हाईकमान का निर्देश होगा, तो मप्र से राज्यसभा की तीसरी सीट पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी। खाली हो रही सीटों पर भी दिल्ली के निर्देश पर नाम तय किए जाएंगे। नेताओं ने कितनी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी खड़े करने है, इस पर निर्णय पूरी तरह से दिल्ली पर छोड़ दिया गया। नेताओं ने कहा कि यदि दिल्ली कहेंगी, तो तीसरी सीट पर भी प्रत्याशी को मैदान में उतारा जाएगा और उसके बाद ही तय करेंगे कि तीनों उम्मीदवार किस तरह से चुनाव जीतेंगे।

### छोटे कार्यकर्ता को मिलेगा ज्यादा महत्व

कोरग्रुप में कहा गया कि सरकार और संगठन के कामों को भी जमीनी स्तर तक उतारने के लिए पहले से ज्यादा प्रयास किए जाएंगे। भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में एक बार फिर से दोहराया गया कि पार्टी के छोटे कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। सरकार के मंत्रियों द्वारा अपने जिलों के प्रवास के दौरान ज्यादा से ज्यादा छोटे कार्यकर्ताओं को समय देना चाहिए। बैठक में मध्यप्रदेश में यूसीसी लागू करने को लेकर समिति गठन करने और उसे लेकर राज्य में वातावरण निर्मित कराने को लेकर भी नेताओं ने अपनी अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि इस काम में पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ता को लगाया जाए, जो क्षेत्र में इसकी उपलब्धियों के साथ-साथ विपक्ष द्वारा किए जा रहे गलत प्रचार के बारे में जानकारी देंगे। इसी तरह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जन-जन पहुंचाने के लिए बड़े से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी जोडने की बात कही गई। कोरग्रुप की बैठक में निगम मंडलों सहित अन्य नियुक्तियों को लेकर चर्चा की गई, जिस पर सीएम ने कहा कि इस पर उनकी ओर से तैयारी पूरी है। उचित समय पर सूची जारी की जाएगी। इसके बाद इस विषय पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। बैठक में सरकार के भावी निर्णयों को लेकर भी नेताओं के सामने सीएम ने अपना पक्ष रखा, जिसे सभी से स्वीकार किया।

## सत्ता और संगठन की बैठकों में बनी सहमति

# सहकारी समितियों में राजनीतिक प्रशासक नियुक्त करेगी सरकार

भोपाल। मप्र में जहां एक तरफ निगम-मंडल-प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों का मामला लगातार टलता जा रहा है, वहीं सहकारी बैंकों और समितियों में राजनीतिक नियुक्तियों की तैयारी तेज हो गई है। सत्ता और संगठन की बैठकों में इसके लिए सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक, सहकारिता विभाग में लंबे समय से लंबित नियुक्तियों को अब तेजी से पूरा करने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत अपेक्स बैंक सहित जिला सहकारी बैंकों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक मंडल और अन्य समितियों में पदाधिकारियों की नियुक्ति जल्द हो सकती है। बताया जा रहा है कि निगम-मंडलों के साथ-साथ सहकारी संस्थाओं में भी राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की जा रही है।

यह नियुक्तियां आने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए बेहद अहम मानी जा रही हैं। हाल ही में इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच मुलाकात भी हो चुकी है। इसके अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल के साथ भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई है। सूत्रों की मानें तो पहले इन पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी और उसके बाद सहकारी संस्थाओं में चुनाव कराने की रणनीति पर काम होगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सहकारिता क्षेत्र में ये नियुक्तियां चुनावी समीकरणों को साधने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

### अभी अधिकारी-कर्मचारी हैं प्रशासक

गौरतलब है कि प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। इसमें किसानों के हित में कई काम किए जा रहे हैं। अब इनसे जुड़ी संस्थाओं के चुनाव कराने की तैयारी है। चुनाव न होने के कारण वर्तमान में समितियों के कामकाज को संचालित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशासक नियुक्त किया गया था। अब इन्हें मुक्त करके राजनीतिक नियुक्तियां की जाएंगी। दरअसल, पिछले दिनों राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सत्ता और संगठन की जो बैठकें हुई, उनमें यह बात निकलकर सामने आई कि अब कार्यकर्ताओं को सहकारी और कृषि उपज मंडियों में समायोजित किया जाए। इसके लिए पहले मनोनयन होगा। इसकी तैयारी काफी समय से चल भी रही है लेकिन सहमति नहीं बनने के कारण मामला रुका हुआ था। प्रदेश में 4,345 सहकारी समितियों, 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और राज्य शीर्ष बैंक (अपेक्स बैंक) हैं।

### कानूनी पेचीदगी और प्रशासनिक बदलाव

2018 से इनके चुनाव अलग-अलग कारणों से नहीं हुए हैं। हाई कोर्ट बार-बार चुनाव कराने को लेकर निर्देश दे रहा है। सरकार ने अवमानना से बचने के लिए अधिनियम में संशोधन करके यह प्रविधान तो कर लिया कि विशेष परिस्थितियों में चुनाव आगे बढ़ाए जा सकते हैं लेकिन अब कार्यकर्ताओं को समायोजित करने की बात है। इससे पहले राजनीतिक नियुक्तियों के क्रम में नगरीय निकायों में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) नियुक्त किए जा चुके हैं। अब सबसे बड़े क्षेत्र सहकारी समितियों की बारी है। दरअसल, पंचायत के बाद प्रदेश में इनका ही बड़ा नेटवर्क है। समितियों से लगभग 65 लाख किसान जुड़े हैं। भले ही समितियों के चुनाव राजनीतिक आधार पर नहीं होते हैं मगर इनकी भूमिका पंचायत से लेकर विधानसभा-लोकसभा के चुनाव में महत्वपूर्ण रहती है। पार्टी के पक्ष में वातावरण बनाने का दायित्व इन्हीं का रहता है।

### पहले प्राथमिक समितियों में मनोनयन होगा

लंबे समय से चुनाव न होने के कारण सहकारिता के क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता हतोत्साहित हैं। कई बार संगठन स्तर पर नियुक्ति को लेकर बात भी हो चुकी है लेकिन यह किसी न किसी कारण से टलती रही लेकिन अब राजनीतिक व्यक्तियों को प्रशासक पद पर मनोनीत करने की तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि पहले प्राथमिक समितियों में मनोनयन होगा। इसके लिए जिला इकाइयों के साथ स्थानीय विधायकों से फीडबैक लिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि सहकारी समितियों के चुनाव प्रशासकों की देखरेख में कराए जाएंगे। ये ही सदस्यता सूची बनवाएंगे और फिर चुनाव कराएंगे।

# किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम केलिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें। किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें।



विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं और तय समय सीमा में ही लक्ष्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। इससे तेज और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

### निकाय पदाधिकारियों के साथ भोपाल में होगा एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीयनिकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए। यह कार्यक्रम जल्दी ही किया जाए, ताकि निकायों को काम करने के लिए अधिकतम समय मिल सके।

### राज्य के ऊर्जा हितों का रखें विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर मुरैना में 2 हजार मेगावॉट (2 गीगावॉट) की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की स्थापना की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि इस मेगा परियोजना में राज्य के ऊर्जा हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा मात्र पीक पीरियड में ही ग्रीन एनर्जी सप्लाय की मंशा व्यक्त की गई है। इस संबंध में उत्तरप्रदेश सरकार के वरिष्ठतम विभागीय अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय किया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) प्रोडक्शन के लिए तय किए गए लक्ष्यों को और भी परिशोधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम बी) में अब तक 27 हजार 100 सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। अगले दो साल में 4 लाख पम्पों को सौर ऊर्जीकृत करने का लक्ष्य है। इसके क्रियान्वयन के लिए विभाग ने 36 इकाईयां चुन ली हैं। इस योजना के पहले चरण में विभाग को एक लाख आवेदन मिल चुके हैं। अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम सी) के तहत विभाग ने लगभग 10 लाख किसानों को सौर ऊर्जीकरण से जुड़ने के लिए 493 सब स्टेशनों के जरिए किसानों को दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराने का बड़ा लक्ष्य लिया है। अब तक 2.50 लाख पम्प इंस्टाल कर दिये गये हैं। विभाग का लक्ष्य किसानों को ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से समर्थ बनाना भी है। सौर ऊर्जीकरण के लिए विभाग ने मासिक प्लान भी तैयार कर लिया है। रूफ टॉप स्कीम पर विभाग ने विशेष ध्यान केन्द्रित किया है।

बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा एवं मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, वित्त सचिव लोकेश जाटव, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन या नारी के नाम पर राजनैतिक प्रबंधन? -उमंग सिंघार

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान' के नाम पर लोकसभा और विधानसभाओं में 33 आरक्षण की बात तो की जा रही है, लेकिन इसके प्रावधान और क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हैं। इस व्यवस्था में स्छ/स्ज्ञ महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है, किंतु ओबीसी महिलाओं के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा कि क्या देश और प्रदेश की इतनी बड़ी आबादी की महिलाओं को इस व्यवस्था से बाहर रखना ही सामाजिक न्याय है?

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि इसके साथ ही इस आरक्षण को परिसीमन से जोड़ दिया गया है, जबकि इस प्रक्रिया की कोई स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह आरक्षण मध्यप्रदेश के 2028 विधानसभा चुनाव में लागू हो पाएगा? या फिर यह केवल एक राजनैतिक घोषणा बनकर रह जाएगा?

सिंघार ने कहा कि इसके साथ ही यह भी बड़ा सवाल है कि सरकार 2027 की जातिगत जनगणना के परिणाम का इंतजार क्यों नहीं करना चाहती? क्या बिना वास्तविक सामाजिक आंकड़ों के इतना बड़ा निर्णय लेना न्यायसंगत है, या फिरओबीसी वर्ग की वास्तविक हिस्सेदारी सामने आने से बचने की कोशिश है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए कि प्रदेश की महिलाओं को वास्तविक और समावेशी प्रतिनिधित्व कब और कैसे मिलेगा ?

# ई-उपार्जन पोर्टल में सैटेलाइट सत्यापन की गंभीर त्रुटियों से हजारों किसान आर्थिक तबाही के कगार पर - जीतू पटवारी

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से प्रदेश के किसानों की गंभीर समस्या को उठाते हुए कहा कि वर्तमान में किसानों के साथ जो अन्याय हो रहा है, वह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सरकार की कथित किसान हितैषी' नीतियों की सच्चाई को उजागर करता है।



उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेष रूप से विदिशा जो शिवराज सिंह चौहान जी का क्षेत्र है अन्य क्षेत्रों से जो तथ्य सामने आए हैं, वे अत्यंत चिंताजनक हैं अकेले विदिशा जिले में 6437 का सैटेलाइट सर्वे' फेल कर दिया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि किसानों ने अपने खेतों में गेहूं, चना, मसूर जैसी फसलें बोई हैं, लेकिन पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज होने के कारण उन्हें खरीदी प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

पटवारी ने कहा कि ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग के दौरान सैटेलाइट द्वारा असत्यापित' का संदेश देकर किसानों को उनकी उपज बेचने से रोका जा रहा है। यह स्थिति छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद पीड़ादायक है, जिनकी पूरी आजीविका खेती पर निर्भर है।

उन्होंने कहा कि आज किसानों की हालत यह है कि उनके घरों में शादी-ब्याह के खर्च लंबित हैं, बच्चों की स्कूल फीस अटकी हुई है, बैंक और साहूकारों के कर्ज की किश्तें चुकाना मुश्किल हो गया है, और सरकार के सिस्टम की गलती का खामियाजा किसान भुगत रहा है।

पटवारी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या यही कृषि कल्याण वर्ष' की सच्चाई है, जहां पहले खरीदी में देरी की गई और अब स्लॉट बुकिंग में तकनीकी अड़चनें खड़ी कर किसानों को उनकी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है। यह स्पष्ट करता है कि सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह कटी हुई है और डिजिटल सिस्टम के नाम पर किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस गंभीर संकट का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं-

1. सभी प्रभावित किसानों का तत्काल मैन्युअल (भौतिक) सत्यापन कर उन्हें खरीदी प्रक्रिया में शामिल किया जाए।
2. सैटेलाइट सर्वे' की त्रुटियों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
3. जिन किसानों का पंजीयन या स्लॉट रद्द हुआ है, उन्हें विशेष अवसर देकर पुनः पंजीयन की अनुमति दी जाए।
4. खरीदी प्रक्रिया को सरल बनाते हुए तकनीकी बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए।
5. किसानों को हुई आर्थिक क्षति के लिए उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

## दिग्विजय ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

# रायसेन एवं सीहोर में 150 करोड का गेंहू घोटाला, ईओडब्ल्यू से जांच की मांग

भोपाल । मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रायसेन एवं सीहोर जिले से जुड़े बहुचर्चित गेहूँ घोटाले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने इस मामले को गंभीर आर्थिक अनियमितता बताते हुए राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) से निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया है। श्री सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पूर्व विधानसभा क्षेत्र बुधनी तथा वर्तमान लोकसभा क्षेत्र से संबंधित इस मामले में लगभग 150 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वे पहले भी 25 जुलाई 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग कर चुके हैं, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। रायसेन जिले की औबेदुल्लागंज तहसील के दिवटिया, अब्दुल्लागंज एवं नूरगंज स्थित सरकारी वेयरहाउस में रखे गेहूँ की देखरेख और भंडारण में अत्यधिक खर्च किया गया, जबकि लगभग 40 हजार टन गेहूँ सड़कर पूरी तरह खराब हो गया। इस गेहूँ का बाजार मूल्य लगभग 100 करोड़ रुपये बताया गया है। हैरानी की बात यह है कि इसके रखरखाव एवं किराये पर ही लगभग 150 करोड़ रुपये व्यय कर दिए गए। आगे बताया गया है कि वर्ष 2017 से 2020 के बीच समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूँ को समय पर न तो भारतीय खाद्य निगम (एफ सीआई) द्वारा उठाया गया और न ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया। परिणामस्वरूप, लंबे समय तक भंडारण के कारण गेहूँ में कीड़े लग गए और वह अनुपयोगी हो गया।

सिंह ने आरोप लगाया है कि जब गेहूँ खराब हो गया, तो उसे जिम्मेदार निजी गोदाम संचालकों को बचाने के उद्देश्य से बकतरा (सीहोर) से हटाकर रायसेन जिले के वेयरहाउस में स्थानांतरित कर दिया गया। इस प्रक्रिया में परिवहन कार्य भी कथित रूप से एक करीबी व्यक्ति को सौंपा गया, जिसमें करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण में जानबूझकर गेहूँ को 4-5 वर्षों तक गोदामों में रखा गया ताकि संबंधित गोदाम मालिकों को भारी-भरकम किराया दिया जा सके। जबकि नियमानुसार अतिरिक्त स्टॉक होने पर समय पर नीलामी या वितरण किया जाना चाहिए था। दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों एवं निजी गोदाम मालिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथन न खाऊँगा, न खाने दूंगा' का उल्लेख करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो यह एक बड़े घोटाले का रूप लेकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है।

# चैंपियंस लीगः PSG और एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में






मैड्रिड,एजेंसी। बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वॉर्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। एटलेटिको मैड्रिड ने क्वॉर्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वॉर्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की। बार्सिलोना के शुरुआती हमलों के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने डटकर मुकाबला किया और लगभग एक दशक में पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने इससे पहले 2017 में इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। बार्सिलोना ने पहले 24 मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया था। उसकी तरफ से लामिन यामल और फेरान टोरेस ने गोल दागे। एटलेटिको मैड्रिड ने पहले ही हाफ में अडेमोला लुकमैन के गोल से वापसी की। बार्सिलोना को 79वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि डिफेंडर एरिक गार्सिया को लाल कार्ड दिखाया गया था। लिवरपूल में खेले गए क्वॉर्टर फाइनल के एक अन्य मैच में पीएसजी ने ओस्मान डेम्बेले के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से 4-0 की कुल जीत सुनिश्चित की।

# आईपीएल में ऑरेंज कैप की रैस में शीर्ष पांच में पहुंचे सैमसन, पर्पल कैप के करीब पहुंचे कंबोज

**आईपीएल 2026 ऑरेंज कैप सूची-**

| खिलाड़ी | मैच | रन | टीम |
|---|---|---|---|
| हेनरिक क्लासेन | 5 | 224 | सनराइजर्स हैदराबाद |
| ईशान किसन | 5 | 213 | सनराइजर्स हैदराबाद |
| वैभव सर्यवंशी | 5 | 200 | राजस्थान रॉयल्स |
| रजत पाटीदार | 4 | 195 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| संजू सैमसन | 5 | 185 | चेन्नई सुपर किंग्स |
| यशस्वी जायसवाल | 5 | 184 | राजस्थान रॉयल्स |
| अंगकृष रघुवंशी | 5 | 182 | कोलकाता नाइट राइडर्स |
| विराट कोहली | 4 | 179 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| ध्रुव जुरेल | 5 | 176 | राजस्थान रॉयल्स |
| जोस बटलर | 4 | 176 | गुजरात टाइटंस |



**आईपीएल 2026 पर्पल कैप सूची-**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | टीम |
|---|---|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्मा | 4 | 10 | गुजरात टाइटंस |
| अंशुल कम्बोज | 5 | 10 | चेन्नई सुपर किंग्स |
| रवि बिश्नोई | 5 | 9 | राजस्थान रॉयल्स |
| जोफ्रा आर्चर | 5 | 7 | राजस्थान रॉयल्स |
| प्रिंस यादव | 4 | 6 | लखनऊ सुपर जायंट्स |
| जैकब डफी | 3 | 6 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| वैभव अरोड़ा | 5 | 6 | कोलकात नाइट राइडर्स |
| राशिद खान | 4 | 5 | गुजरात टाइटंस |
| लुंगी एनगिडी | 4 | 5 | दिल्ली कैपिटल्स |
| हर्ष दुबे | 5 | 5 | सनराइजर्स हैदराबाद |



मुम्बई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मैच के बाद ऑरेंज कैप की रेस में सीएसके के संजू सैमसन शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। अब सैमसन कैप की दौड़ आरसीबी के विराट कोहली से आगे निकले गए हैं। सैमसन अब आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें नंबर पर पहुंच गये हैं। सैमसन ने केकेआर के खिलाफ 32 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के हैं। उन्होंने अभी तक सत्र के पांच मैचों में 46.25 के औसत से 185 रन बनाये हैं। वहीं विराट आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। उनके नाम चार मैचों में 179 हैं। केकेआर के अंगकृष रघुवंशी पांच मैचों में 182 रन के साथ ही सातवें नंबर पर हैं। वहीं सीएसके के आयुष म्हात्रे 11वें पायदान पर हैं। उन्होंने पांच मैचों में 171 रन बनाये हैं। ऑरेंज कैप पर अभी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेनरिक क्लासन का कब्जा बना हुआ है। क्लासन ने पांच मैचों में 44.80 के औसत से 224 रन बनाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन 213 रन बनाकर दूसरे जबकि राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 200 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। दूसरी ओर सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के लिए सीएसके के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज बड़े दावेदार बने हुए हैं। अंशुल अभी दूसरे नंबर पर हैं।

# गायकवाड़ ने बताया जीत का राज

चेन्नई । आईपीएल में खराब शुरुआत के बाद लगातार दो मैच जीतकर वापसी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने इसका राज बताया है। रुतुराज के अनुसार बीच में ही योजना बदलने का उन्हें लाभ मिला है। सीएसके इस सत्र की पहली टीम बनी है, जिसने 200 से कम के स्कोर का भी बचाव किया है। उनका कहना है कि इम्पैक्ट प्लेयर की वजह से अतिरिक्त बल्लेबाज आते हैं और ऐसे में 200 से भी ज्यादा का लक्ष्य आसानी से टीमें हासिल कर रही हैं पर इसके बाद भी उनकी टीम ने 192 रनों के लक्ष्य का बचाव कर लिया। उन्होंने कहा टीम 210 से 220 के बारे में सोच रही थी पर बीच मैच में इस योजना को बदल दिया था। गायकवाड़ ने कहा, मुझे लगता है कि हमने फिर से एक अच्छे स्कोर का बचाव किया। मुझे लगा कि यह एक पार स्कोर था, यह देखते हुए कि, पहले, मैं कहूंगा, सात या आठ ओवर के बाद विकेट बहुत बदल गया। यह थोड़ा स्पिन होने लगा, थोड़ा रुकने लगा। तो, हम पहले 220, 210 के बारे में सोच रहे थे, लेकिन फिर, हमने सोचा कि 190, 180 के आसपास कुछ भी एक अच्छा स्कोर होगा और मुझे लगता है कि उसके बाद, हमें बस गेंदबाजी में एक अच्छा पावरप्ले मिलना था।

# नूर के ओवर की दो गेंदों से केकेआर के हाथ से फिसला मैच

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 32 रनों की हार के साथ ही कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) का खराब समय समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा। केकेआर ने अब तक 5 मुकाबले खेल लिए हैं पर उसे एक भी जीत नहीं मिली है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब केकेआर शुरुआती 5 मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। सीएसके के खिलाफ हुए इस मुकाबले में एक समय तक केकेआर मैच में बनी हुई थी पर पारी के 11वें ओवर में नूर अहमद की अंतिम दो गेंदों से मैच उसके हाथों से फिसल गया। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरसरे ही ओवर में अंशुल कंबोज ने सलामी बल्लेबाज फिन एलन को आउट कर केकेआर को बड़ा झटका दिया। इसके बाद 29 रन ही बने थे कि खलील अहमद ने सुनील नरेन को आउट कर दिया। इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अंगकृष रघुवंशी के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 रन बनाये और पारी को संभाला। 10 ओवर तक केकेआर का स्कोर 81/3 था और रहाणे वह रिंकू सिंह खेल रहे थे। इसके बादद गेंदबाजी के लिए आये नूर अहमद की दो गेंदों से केकेआर की टीम के हाथों से मैच निकल गया। दरअसल, ओवर की शुरुआत चार गेंदों पर चार रन बने।पांचवीं गेंद का सामना कर रहे केकेआर के कप्तान रहाणे बड़े शॉट के प्रयास में कैच हो गये। रहाणे के बाद आये आए कैमरन ग्रीन भी एक गेंद खेलकर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। लगातार गिरे इन दो विकेटों के केकेआर टीम ढ़ह गयी और केवल 160 रन तक ही बना पायी। नूर अहमद ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इस दौरान उन्होंने आईपीएल में 50 विकेट भी पूरे कर लिए। नूर आईपीएल में सबसे कम मुकाबलों में 50 विकेट लेने के मामले मे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के इस गेंदबाज ने 42 मुकाबलों में ये आंकड़ा हासिल किया।

# वैभव अपने खेल पर ही ध्यान दे- गावस्कर



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं पर उनको लेकर अपने खेल पर ही अधिक ध्यान देना होगा। वहीं गावस्कर ने कहा कि मीडिया भी उन्हें अधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश न करें। इससे किसी भी खिलाड़ी से अपेक्षाएं जरुरत से अधिक बढ़ जाती है। जिससे उसपर बेवजह का दबाव बन जाता है जो उसके करियर के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। गावस्कर ने कहा कि वैभव अभी 15 साल के हैं और उनके पास पर्याप्त समय है। जिस प्रकार से वह गेंद की लेंथ और लाइन को समझकर गेंदबाज पर आक्रामण करते हैं। वह काफी अच्छा है पर उन्हें अपने खेल पर ध्यान देते रहना होगा। गावस्कर ने कहा कि कि समय के साथ ही विरोधी टीमें और गेंदबाज उनके खेलने को समझ लेंगे और कमी निकालने का प्रयास करेंगे। उनके तकनीक की खामी को पता करेंगे और फिर मानसिक रवैये में कोई कमजोरी हो को भी ढूंढने में लग जाएंगे।गावस्कर ने कहा, उनकी विरोधी टीम इस बात को भी देखना चाहेगी कि कोई ऐसी चीज ऐसी है जो बल्लेबाजी के दौरान उनकी एकाग्रता तोड़ सकती है। वैभव को लेकर गेंदबाज हर छोटी से छोटी बात की बारीकी से जांच की करेंगे। सभी उसकी कमजोरी का लाभ उठाना चाहेंगे। ऐसे में ही उसकी असली परीक्षा और तय होगा कि वह कितना लंबा चल सकता है।

# ग्रीन और रिंकू के खराब प्रदर्शन से हार रही केकेआर



चेन्नई । अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरी कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की हार का सिलसिला समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिल हार के साथ ही उसे एक और झटका लगा है। टीम अभी तक के अपने पांच में से चार मैच हारी है जबकि एक मैच बारिश के कारण नीं हो पाया है। टीम की इस हार का एक कारण कैमरन ग्रीन और उपकप्तान रिंकू सिंह जैसे स्टार खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन भी रहा है। अब तक के मैचों में इन दोनों के प्रदर्शन को देखा जाए तो ये दोनो ही टीम पर बोझ बने हुए हैं।

ग्रीन और रिंकू सिंह जिस प्रकार के प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं, वह अब तक नहीं दिखा है। 25.20 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदे गये ग्रीन अब तक बल्लेबाजी और और गेंदबाजी में विफल रहे हैं। वहीं रिंकू भी इस सत्र में विफल रहे हैं। ग्रीन अब तक खेले 5 मुकाबलों में कुल 56 रन ही बना पाये हैं, जबकि शुरुआती मुकाबलों में गेंदबाजी न करने के बाद पिछले दो मैचों में उन्होंने केवव एक ही विकेट लिया है। वहीं मध्य के ओवरों में उनसे आक्रामक पारी की उम्मीद रहती है। सीएसके के खिलाफ भी वह रन नहीं बना पाये थे। वहीं रिंकू को इस बार उपकप्तान बनाया गया पर वह अब तक अपने नाम के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। केवल मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही वह रन बन पाये।

# शेन वार्न के बेटे का आरोप, कोविड टीकों से हुई उसकी पिता की मौत

सिडनी। दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न की मौत के चार साल बाद, उनके बेटे जैक्सन वार्न ने एक हैरान करने वाला खुलास किया है। जैक्सन का मानना है कि उनके पिता की अचानक हुई मौत का कारा कोविड-19 टीके रहे होंगे। वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था, उस समय उनकी आयु 52 वर्ष थी।

जैक्सन ने अपने पिता के स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ समस्याओं को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही कोविड टीकों को उनकी मौत का संभावित कारण बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, 'मुझे पक्का लगता है कि इसमें कोविड टीके का प्रभाव रहा है। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा।' जैक्सन ने साथ ही कहा, 'भले ही उनके पिता को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं, पर मेरा मानना है किटीका लगाने के कारण उनकी बीमारी बढ़ गयी थी। यह एक ऐसी बात है जिससे मैं हमेशा सोचता रहता हूं।'जैक्सन ने भावनात्मक रूप से बताया कि जब उन्हें पिता की मौत की खबर मिली, तो उनकी पहली प्रतिक्रिया यही थी कि उन्होंने तुरंत सरकार और कोविड टीकों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, 'जैसे ही मैंने फोन रखा तो मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी कि मैंने तुरंत सरकार को दोषी ठहराया। मैंने तुरंत कोविड और टीके को दोषी ठहराया।' जैक्सन ने बताया कि उन्होंने शोक सभा में अपने इन विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने से खुद को बड़ी मुश्किल से रोका था। उन्होंने इसे एक समझदारी भरा कदम बताया, अन्यथा उनकी स्थिति बिल्कुल अलग होती।

वार्न ने कथित तौर पर तीन या चार कोविड टीके लगवाए थे। जैक्सन के अनुसार, उनके पिता टीका नहीं लगवाना चाहते थे, लेकिन अन्य लोगों की तरह काम करने के लिए उन्हें मजबूरन इन्हें लेना पड़ा। जैक्सन ने कहा कि वह इस बारे में ज्यादा सोचना नहीं चाहते क्योंकि इससे केवल गुस्सा बढ़ता है, जो किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता।

अपने पिता की जीवनशैली के बारे में जैक्सन ने कहा कि धूम्रपान और शराब पीने के बावजूद, वह अपेक्षाकृत स्वस्थ और खुश थे। उन्होंने बताया, 'उस समय डैड स्वस्थ थे, खुश थे। वे काफी समय बाद इतने अच्छे दिख रहे थे। वह जरूर धूम्रपान करते थे और शराब पीते थे, लेकिन 80 और 90 वर्ष की उम्र के कई लोग भी उनकी तुलना में कहीं अधिक धूम्रपान करते हैं और शराब पीते हैं।' गौरतलब है कि वार्न निधन से कुछ महीने पहले कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे पर किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित नहीं थे।

# रोहित के नेट सत्र में नहीं उतरने से उनकी फिटनेस को लेकर प्रशसकों की चिन्ताएं बढ़ीं

मुम्बई । मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गये थे। इसके बाद से ही उनकी फिटनेस को लेकर प्रशंसकों के साथ ही टीम मैनेजमेंट की भी चिंताएं बढ़ गई थीं। वहीं गत दिवस वह नेट अभ्यास के लिए नहीं उतरे जिससे पंजाब किंग्स के खिलाफ 16 अप्रैल को होने वाले मैच में उनके खेलने पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि इस मामले पर एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित की चोट गंभीर नहीं है और वह ज्यादा समय तक टीम से बाहर नहीं रहेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि उनकी हैमस्ट्रिंग के स्कैन में जिसमें किसी भी प्रकार के टियर (मांसपेशी फटने) के संकेत नहीं मिले, जो प्रशंकों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय था। वहीं अगर रोहित बाहर होते हैं तो ये मुंबई इंडियंस के लिए परेशानी का कारण हो सकता है। इस सत्र में उन्होंने शीर्ष क्रम में रयान रिकेल्टन के साथ एक अच्छी साझेदारी बनायी है और अगर ये जोड़ी टूटती है तो टीम को नुकसान हो सकता है। हालांकि टीम के पास क्विंटन डीकॉक जैसे अनुभवी बल्लेबाज विकल्प के तौर पर हैं पर उन्हें शामिल करने से विदेशी खिलाड़ियों की संख्या में बदलाव करना पड़ेगा। इसके अलावा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों की खराब फॉर्म भी मुंबई के लिए एक बड़ी चिंता रही है, क्योंकि टीम जितनी मजबूत नजर आ रही है। मैदान पर उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। ऐसे मे प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि रोहित की चोट गंभीर न हो।

# वैभव को लेकर मैरा आंकलन सही निकला - इरफान पठान



मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने आईपीएल 2026 में जसप्रीत बुमराह और जोश हेजलवुड जैसे बड़े-बड़े गेंदबाजों की पिटाई करके सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के एक नये गेंदबाज के सामने शून्य पर आउट होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उनका इस बल्लेबाज को लेकर आंकलन सही था। यह पहली बार था जब वैभव टी20 क्रिकेट में गोल्डन डक हुए। सनराइजर्स हैदराबाद के प्रफुल्ल हिंगे ने उन्हें अपनी पहली ही गेंद पर आउट किया था। इसी को लेकर पठान ने मजाकिया अंदाज में कहा है कि वैभव को लेकर उनका अंदाजा गलत नहीं था।

पठान ने इससे पहले सोशल मीडिया पर कहा था कि वैभव जानबूझकर बड़े गेंदबाजों को निशाना बनाते हैं। उनकी यह बात तब चर्चाओं में आई जब वैभव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में बुमराह के एक ही ओवर में दो शानदार छक्के लगा दिये थे। उस मैच में सूर्यवंशी ने बुमराह की पांच गेंदों का सामना करते हुए कुल 13 रन बनाए थे। पठान ने उस समय लिखा था, 'क्या वैभव सनसनी फैलाने बड़े गेंदबाजों को जानबूझकर निशाना बनाते हैं? मुझे ऐसा ही लग रहा है।'

वहीं पिछले साल आईपीएल में अपने डेब्यू मैच में ही उन्होंने शार्दुल ठाकुर की गेंद पर छक्का जड़कर शुरुआत की थी। वैभव ने आईपीएल के 19 वें सत्र में भी अपनी आक्रामक शैली जारी रखी है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के सामने पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। इसके अलावा जोश हेजलवुड और मार्को जेनसेन के साथ भी उन्होंने यही व्यवहार किया। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 में वैभव ने अब तक बुमराह के अलाव भुवनेश्वर कुमार, मैट हेनरी, शार्दुल ठाकुर, जोश हेजलवुड और ट्रेंट बोल्ट सहित कुल 12 अलग-अलग गेंदबाजों को पर छक्के लगाकर अपने को साबित किया है।

# आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के मैचों में हुआ बदलाव

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया है। गुजरात और सीएसके के बीच 26 अप्रैल को अहमदाबाद में होने वाला मैच अब इसी तारीख को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा। वहीं सीएसकेके और गुजरात के बीच होने वाला दूसरा मैच जो 21 मई, 2026 की शाम को चेन्नई में खेला जाना है। उसे इसी दिन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच शाम 7:30 बजे से शुरु होगा। दोनों ही मैचों के कार्यक्रम में केवल स्थलों में बदलाव किय गया है। तारीख वहीं रखी गयी है। इस बदलाव का कारण अहमदाबाद में होने वाले नगर निगम चुनाव हैं। आईपीएल में अब तक इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। दोनो ही टीमों की शुरुआत बहुत ही खराब हुई है। सीएसके को लगातार तीन मैचों में मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहली सफलता मिली. सीएसके के इस सीजन में चार मैचों में सिर्फ 2 अंक हैं। वहीं गुजरात टाइटंस भी खराब दौर से गुजर रही है। अपने डेब्यू सत्र में ही विजेतार रही गुजरात इस बार चार मैचों में सिर्फ 2 में जीत सकी है।

# म्यूनिख ओपन टेनिस के अगले दौर में पहुंचे ज्वेरेव

म्यूनिख। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मियोमिर केकमैनोविक को एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 6-3, 3-6, 7-6(2) से हराकर म्यूनिख ओपन टेनिस के अगले दौर में प्रवेश किया है। ज्वेरेव ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में केकमैनोविक को हराकर अपनी पिछली हार का हिसाब भी बराकर कर दिया। ज्वेरेव ने इस मैच में अपना मनोबल बढ़ाये रखा। वहीं केकमैनोविक ने एक सेट से पीछे होने के बाद अच्छी वापसी करते हुए मैच को निर्णायक सेट तक पहुंचाया। ज्वेरेव ने निर्णायक सेट के टाई-ब्रेक में बेहतरीन खेल दिखाकर मैच अपने नाम किया।

वहीं अब अगले दौर में ज्वेरेव का सामना गैब्रियल डियालो से होगा। ज्वेरेव इस मैच के साथ ही आने वाले मैच जीत इस साल का अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीतने का प्रयास करेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मुकाबला हुआ था, जिसे ज्वेरेव ने जीता था।

वहीं एक अन्य मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने एलेजांद्रो टैबिलो को 7-6(1), 6-3 से हराया। 19 साल के फोंसेका का अगला मुकाबला अब क्वार्टर-फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्थर रिंडरकनेक से होगा।

वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक और आठवीं वरीयता प्राप्त टैलन ग्रीक्सपोर हार के साथ ही शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। एक अन्य मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्स मोल्कन ने बुब्लिक को 6-4, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनियल अल्तमायर से होगा। वहीं अल्तमायर ने विश्वप के तीसरे नंबर के खिलाड़ी रहे मारिन सिलिच को 6-2, 6-3 से हराकर उलटफेर किया । वहीं कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने ग्रीक्सपोर को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। अब उनका सामना स्टेफानोस सितसिपास और फैबियन मारोजसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# ओलंपिक पदक विजेता डच बैडमिंटन स्टार एक्सेलसन ने संन्यास लिया

एक्सटर्डम। डेनमार्क के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक पदक विजेता रहे विक्टर एक्सेलसन ने केवल 32 साल की उम्र में खेल से संन्यास ले लिया है। एक्सेलसन ने कहा है कि वह पीठ की समस्या के कारण अब आगे नहीं खेलना चाहते हैं। पीठ में दर्द के कारण वह इस साल की शुरुआत से ही इंडिया ओपन और जर्मन ओपन से बाहर रहे थे। एक्सेलसन ने कहा, लगातार पीठ की परेशानी और सर्जरी के बाद भी बार बार दर्द उभरने से परेशान होने के कारण ही वह संन्यास ले रहे हैं। दर्द के कारण ही वह जरूरी ट्रेनिंग नहीं कर पाये रहे थे, ऐस में संन्यास के अलावा उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था।

उन्होंने कहा, मैं पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में मेरी सर्जरी हुई थी और उसके बाद मैं लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरा था। वहीं अक्टूबर में मुझे एक झटका लगा जिसके बाद से ही मैं अभ्यास नहीं कर पा रहा था। सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने भी उनको खेल से दूर होने की सलाह दी थी। गौरतलब है कि एक्सेलसन ने साल 2010 में पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर डेब्यू किया था। उसके बाद से ही वह सुदीरमन कप के अलावा व्यक्तिगत इवेंट्स में वर्ल्ड टूर सुपर 1000 लेवल या उससे ऊपर के सभी बड़े खिताब जीतने में सफल रहे हैं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप दो बार (2017 और 2022) जीतने वाले एकमात्र दूसरे गैर एशियाई खिलाड़ी हैं। वह ओलंपिक इतिहास में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। वह तीन बार यूरोपियन चैंपियन रहे हैं और थॉमस कप भी जीते हैं।

बालाघाट
गुरुवार 16 अप्रैल 2026

दक्षिण सतपुड़ा
राजनीति | समाज | देशकाल
और गांव कनेक्शन की खबरें

# पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट घोषित सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल गर्रा बालाघाट का दसवीं का रिजल्ट रहा शतप्रतिशत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** इस वर्ष कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।




इस वर्ष कुल परिणाम प्रतिशत बहुत ही सराहनीय रहा और विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। टॉपर विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की। सतपुडत्रा वैली पब्लिक स्कूल गर्रा बालाघाट के शाला प्रबंधन और प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की, जिनके सहयोग से विद्यार्थियों ने यह सफलता अर्जित की। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत का परिणाम बताया। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने और उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# एमपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित, 10वीं में बेहतर प्रदर्शन, 12वीं में संतुलित परिणाम

## 10वीं का रिजल्ट 87.8 और 12वीं का 86.6 प्रतिशत, प्रावीण्य सूची में 10वीं के 36 व 12वीं के 8 छात्र शामिल

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**लंबे इंतजार के बाद 15 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस बार जिले के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 10वीं में प्रदेश स्तर पर बेहतर स्थान हासिल किया है, जबकि 12वीं का परिणाम भी संतुलित रहा है। जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं का रिजल्ट 87.8 प्रतिशत रहा, वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम 86.6 प्रतिशत दर्ज किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार का परिणाम लगभग समान रहा, लेकिन प्रावीण्य सूची में इस बार कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की संख्या अधिक रही है। कक्षा 10वीं से प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले के 36 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है, जबकि कक्षा 12वीं में यह संख्या 8 रही। इससे स्पष्ट है कि इस वर्ष 10वीं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जबकि 12वीं में अपेक्षाकृत कम छात्र सूची में स्थान बना सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस बार शासकीय स्कूलों का परिणाम संतोषजनक रहा है। वहीं निजी स्कूलों के परिणाम में सुधार के लिए जल्द ही प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट को लेकर जिले के विद्यार्थियों में पहले से ही खासा उत्साह देखा जा रहा था। घोषित परिणाम भी विद्यार्थियों के अनुरूप ही रहे, हालांकि इस बार कक्षा 10वीं के छात्रों ने प्रदेश की प्रवीण सूची में बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कक्षा 12वीं के विद्यार्थी अपेक्षाकृत कम संख्या में स्थान बना सके। जिले में कक्षा 10वीं के कुल 18,354 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 87.18 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 12वीं में 22,836 विद्यार्थियों में से 86.6 प्रतिशत ने सफलता प्राप्त की।

### 10वीं में 36 छात्रों ने बनाई प्रवीण सूची में जगह

कक्षा 10वीं की प्रवीण सूची में जिले के 36 विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया। इनमें अक्षरा पिता



अनिल घोडेश्वर (शाउमावि छतेरा) ने 498 अंक अर्जित कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिवम पिता विनोद बोपचे (शाउमावि परसवाड़ा घाट) 497 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि भूमि पिता वीरेंद्र बिसेन (शाउमावि जाम कटंगी) ने 496 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। 495 अंकों के साथ दिव्यांश पिता राजकुमार चापके (शाउमावि बल्लारपुर) और नैना पिता जयकिशोर लिल्हारे (सांदीपनि वीरांगना रानी दुर्गावती उमावि, बालाघाट) पांचवें स्थान पर रहे। 494 अंकों के साथ निश्चय पिता दिनेश राणा, डेजी पिता लिंकेश बिसेन, निधि पिता संजय पुंड और रेयांश पिता लालचंद चौराघड़े ने छठवां स्थान हासिल किया। 493 अंकों के साथ सातवें स्थान पर जागृति पिता तीरथदास लिल्हारे, विनायक पिता शिवकुमार ठाकरे, रौनक पिता मुनीराम बागड़े, पीयूष पिता दावनलाल टैंभारे, अनंत पिता धर्मेंद्र पंचेश्वर और अंशिका पिता अंजुनाथ गंगभोज रहे। 492 अंकों के साथ आठवें स्थान पर दिशा पिता साहबलाल गौतम, विशाखा पिता संतोष बापूरे, ललित पिता सुखराम पारधी और तन्वी पिता ईश्वरचंद्र नगपुरे शामिल रहे। 491 अंकों के साथ नौवें स्थान पर शिवांगी पिता आशुतोष पांडे, रागिनी पिता धर्नेंद्र पटेल, मनु पिता केवल प्रसाद कटंगकर, डेविड पिता संतोष उचबगले, वाणी पिता कुंदन सोनी, पीहू पिता दिनेश परिमल, हिना पिता राकेश ठाकरे, यामिनी पिता उम्मेदलाल शरणागत और हिमांशी पिता घनश्याम कुथे ने स्थान बनाया। वहीं 490 अंकों के साथ दसवें स्थान पर प्रीत पिता छोटेलाल राणा, माही पिता दुल्हीराम सुलाखे, स्मृति पिता सेवकराम कावरे, अंशु पिता खिलेश्वर राहंगडाले, माही पिता भूपेंद्र राहंगडाले, निशा पिता सुनील तेलासे, श्वेता पिता तेजराम बंटे और देवांशी पिता गिरीश देशमुख शामिल रहे।

### 12वीं में केवल 8 छात्रों को मिली प्रवीण सूची में जगह

कक्षा 12वीं में विभिन्न संकायों से कुल 8 विद्यार्थियों ने प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त किया। शिवम पिता सुरेश अवधिया (शाउमावि बल्लारपुर) ने 482 अंक लेकर आठवां स्थान प्राप्त किया। विज्ञान (गणित) समूह से भावना पिता लिंगाजी पटले (शाउमावि कटंगी) ने 485 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय से आर्यगिरी पिता इतोष गिरी गोस्वामी (शासकीय नवीन उमावि माटे) ने 481 अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया। कृषि संकाय में स्वाति पिता तेजराम उइके और प्रणाली पिता सम्राट थावरे (शा.हा.से. स्कूल झालीवाड़ा) ने 484 अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। जीव विज्ञान संकाय से स्तुति पिता सौरभ जैन (वैकाइंमी उमावि लालबर्रा) ने 489 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं अश्मी पिता अनिल कुमार पाराशर (वैकाईमी लालबर्रा) ने 483 अंकों के साथ नवां स्थान और आदिती पिता हितेंद्र तिवारी (शा. आ. ब. उ. रा. मा. वि. बालाघाट) ने 482 अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया।

### रिजल्ट सुधार के प्रयास किये गये थे-अश्वनी कुमार

जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनीकुमार उपाध्याय ने परिणाम को संतोषजनक बताते हुए कहा कि इस वर्ष का रिजल्ट पिछले वर्ष के समान ही रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की गई थीं, जिनका सकारात्मक असर देखने को मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार प्रवीण सूची में शासकीय विद्यालयों के छात्रों की भागीदारी अधिक रही है, जबकि निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या



कम है। इसे ध्यान में रखते हुए जल्द ही निजी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कमजोर परिणाम को स्वीकार करते हुए कहा कि संबंधित विद्यालयों और अधिकारियों को निर्देशित कर आने वाले समय में परिणाम सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

## सगाई टूटने के बाद मंगेतर पर साइबर उत्पीड़न का आरोप

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के खैरलांजी थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने पूर्व मंगेतर पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि सगाई टूटने के बाद आरोपी युवक ने उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी फोटो और आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर बदनाम करने की कोशिश की,साथ ही लगातार फोन कर परेशान कर रहा है। पुलिस ने इस मामले में रूपेश वासनिक ग्राम रूपरा थाना सिहोरा निवासी के विरुद्ध मामला कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती कक्षा 12वीं तक शिक्षित है और पिछले एक वर्ष से आरोपी रुपेश वासनिक ग्राम रूपेरा थाना सिहोरा निवासी को जानती थी। दोनों के बीच बातचीत होती थी और 27 अक्टूबर 2025 को उनकी सगाई हुई थी। इसके बाद 2 फरवरी 2026 को शादी तय हुई थी लेकिन 14 दिसंबर 2025 को किसी कारणवश रुपेश ने शादी तोड़ दी। शादी टूटने के बाद युवती ने रूपेशसे संपर्क बंद कर दिया। आरोप है कि इसके बाद रुपेश ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती की तस्वीरें, मैसेज और गाने पोस्ट करना शुरू कर दिया। जिससे उसकी बदनामी हो रही है। साथ ही वह बार-बार कॉल कर युवती पर बात करने का दबाव बनाता रहा और शादी कहीं और न होने देने की धमकी भी देता रहा। युवती का यह भी कहना है कि परिवार के लोगों ने आरोपी को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। 12 अप्रैल 2026 को आरोपी द्वारा फर्जी इंस्टाग्राम आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने के बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। खैरलांजी पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी रुपेश वासनिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 78(2), 351(2) और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## तेज रफ्तार कर की ठोकर से साइकिल सवार व्रद्ध घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली क्षेत्र में आने वाले समनापुर रोड पर स्थित ग्राम खैरी के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से साइकिल सवार व्रद्ध घायल हो गये। घायल वृद्ध काशीराम पिता जेठू डहारे 62 वर्ष ग्राम पाथरवाड़ा थाना भरवेली निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीराम खेती मजदूरी करते हैं जिनके परिवार में दो बेटी दामाद है। काशीराम प्रतिदिन साइकिल से बालाघाट मजदूरी करने आते हैं। रोज की तरह 15 अप्रैल को भी काशीराम साइकिल में बालाघाट नगर मजदूरी करने आए थे और शाम को मजदूरी करके काशीराम साइकिल में ही अपने घर ग्राम



पाथरवाड़ा लौट रहे थे। तभी बालाघाट नगर से कुछ दूर समनापुर रोड ग्राम खैरी के पास बालाघाट की ओर से तेज रफ्तार से जा रही कार ने साइकिल सवार काशीराम को चपेट में ले लिया। कार की ठोकर से काशीराम साइकिल सहित गिरने से घायल हो गये। खबर मिलते ही उनके दामाद संजय पिछोड़े मौके पर पहुंचे और उसी कार से काशीराम को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। स्कॉर्पियो कर का नंबर एमपी 50 सी 86 89 बताया गया है जिला अस्पताल पुलिस ने संजय पिछोड़े का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल संबंधित थाना कोतवाली भिजवा दी है।

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा कॉलेज ऑफ
इंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
JOB SAHi
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
ADMISSION OPEN
नई शिक्षा नीति के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा-बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com




पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।